

रोहतक
शनिवार, 20 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 28, अंक : 83
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 38.2
न्यून. 20.8

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



05 ईशा, भावेश ने पहले दिन किए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### वाइस एडमिरल दिनेश नौसेना के नए चीफ बने



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी को नौसेना का नया चीफ नियुक्त किया गया है। केंद्र सरकार ने गुरुवार देर रात इसकी घोषणा की। दिनेश त्रिपाठी वर्तमान नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की जगह लेंगे। वे 30 अप्रैल को रिटायर हो रहे हैं। दिनेश त्रिपाठी इसी दिन पदभार संभालेंगे। दिनेश त्रिपाठी अभी नौसेना स्टाफ के वाइस चीफ हैं। वे इससे पहले पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन-चीफ रह चुके हैं। एजेंसी

### इंडियन ओवरसीज बैंक की पूर्व प्रबंधक को कैद

**नई दिल्ली।** सीबीआई की विशेष कोर्ट ने इंडियन ओवरसीज बैंक से 2.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के लिए बैंक की पूर्व प्रबंधक पर 15.06 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया, जिसे अब तक के सबसे बड़े जुर्मानों में से एक बताया जा रहा है। साथ ही अदालत ने प्रबंधक को सात साल कैद की भी सजा सुनाई। अधिकारियों ने बताया कि प्रीति विजय सहिजवानी ने दो खातों की विदेशी मुद्रा प्रवासी जमा राशि को दो फर्जी खातों में जमा करवा दिया था। भाषा

### पीड़ित को मुआवजा देने से अपराध खत्म नहीं हो जाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पक्षों के बीच समझौते के आधार पर हत्या के प्रयास के एक मामले में प्राथमिकी को रद करने से इनकार करते हुए कहा कि आपराधिक कानून समाज में व्यक्तियों के आचरण को नियंत्रित करने का प्रयास करता है और मुआवजे के भुगतान से कोई अपराध खत्म नहीं हो जाता। भाषा

### व्याभिचार बच्चे की अभिरक्षा देने का आधार नहीं

**मुंबई।** बम्बई हाईकोर्ट ने नौ वर्षीय लड़की की अभिरक्षा उसकी मां को देते हुए कहा कि व्यभिचार तलाक का आधार हो सकता है, लेकिन बच्चे की अभिरक्षा देने का नहीं। न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की एकल पीठ ने 12 अप्रैल को एक पूर्व विधायक के बेटे द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। भाषा

---

**लोकतंत्र का 'उत्सव'** पहले चरण में सुबह 7 बजे से देर शाम तक लगी रही लंबी लाइनें

कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में बंद, 4 जून को आएगा परिणाम

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर 63% मतदान

# बंगाल और छत्तीसगढ़ में हिंसा, जवान शहीद



**अरुणाचल और सिक्किम में विधानसभा के लिए डाले गए वोट कई जगह ईवीएम में तकनीकी खामियां आईं, मतदान बाधित**

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 63% से अधिक मतदान दर्ज किया गया। पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाएं सामने आईं। वहीं, छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ का जवान शहीद हो गया। सबसे ज्यादा 80 प्रतिशत वोट त्रिपुरा में डाले गए, जबकि बिहार में सबसे कम 48 प्रतिशत वोटिंग हुई। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान का आंकड़ा और बढ़ सकता है। लोकसभा चुनाव के साथ शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए भी मतदान हुआ। विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वालों में विवाह परिधान में आए कई नवविवाहित जोड़े, दिव्यांग लोग और स्ट्रेचर तथा व्हीलचेयर पर आए कुछ बुजुर्ग शामिल थे। तमिलनाडु, अरुणाचल, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और असम में कुछ बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में मामूली खामियों की शिकायत आई। मतदान सुबह सात बजे आरंभ हुआ और देर शाम तक जारी रहा।

### 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर वोटिंग

निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के मतदान के लिए 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं हैं और 11,371 लोग तृतीय श्रेणी के हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। मतगणना चार जून को होगी।

### त्रिपुरा में सबसे ज्यादा 81.51% और सबसे कम बिहार में 48.88% वोटिंग, वोट डालने उमड़े लोग



देहरादून में एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए लाइन में लगी महिलाएं

**कहां क्या रहा**

- पूर्वी नगालैंड के छह जिलों में सन्नाटा पसरा रहा जहां अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे।
- बंगाल में कूचबिहार सीट पर हिंसा के कारण मतदान प्रभावित हुआ। तृणमूल ने आरोप लगाया कि तुफानगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पोलिंग बूथ पर हिंसा की और एजेंट से मारपीट की। वहीं, भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव आयोग को शिकायत दर्ज करवाई। भाजपा ने भी तृणमूल कार्यकर्ताओं पर हिंसा के आरोप लगाए।
- हिंसा प्रभावित मणिपुर में उपद्रवियों ने ईवीएम जलाई, तोड़फोड़ की। पूर्वी इंफाल में आगजनी की घटनाएं सामने आईं। लोगों को मतदान से रोका।
- छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। बीजापुर में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट से सीआरपीएफ का जवान शहीद हो गया।
- श्रीपेरुम्बुदूर लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले तम्बाराम के समीप एक मतदान केंद्र तथा कुछ अन्य मतदान केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में तकनीकी खामी के कारण मतदान रुका।

### इन राज्यों में मतदान

| राज्य | सीटें | मतदान % | राज्य | सीटें | मतदान % |
|---|---|---|---|---|---|
| तमिलनाडु | 39 | 68.68 % | मेघालय | 02 | 74.50% |
| राजस्थान | 12 | 57.26 % | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 01 | 63.99% |
| उत्तर प्रदेश | 08 | 60.25 % | मिजोरम | 01 | 56.60% |
| मध्य प्रदेश | 06 | 67.08 % | नगालैंड | 01 | 56.91% |
| असम | 05 | 73.11% | पुडुचेरी | 01 | 75.81% |
| महाराष्ट्र | 05 | 61.06% | सिक्किम | 01 | 78.76% |
| उत्तराखंड | 05 | 55.45% | लक्षद्वीप | 01 | 59.02% |
| बिहार | 04 | 48.88% | त्रिपुरा | 01 | 81.51% |
| प. बंगाल | 03 | 78.33% | जम्मू कश्मीर | 01 | 66.67% |
| मणिपुर | 02 | 70.08% | छत्तीसगढ़ | 01 | 67.56% |
| अरुणाचल | 02 | 68.92% | | | |

*(पिछले चुनाव 2019 में संप्रग ने इन 102 सीटों में से 45 और राजग ने 41 सीटें जीती थीं। इस बार भी कड़ा मुकाबला)*

### रिकॉर्ड संख्या में मतदान करें : मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आरंभ होने पर मतदाताओं से रिकॉर्ड संख्या में मताधिकार का प्रयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने खासतौर से युवा और पहली बार मतदान कर रहे मतदाताओं से बड़ी संख्या में वोट करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर मतदान की अपील की।

### मताधिकार का प्रयोग जरूर करें: सीईसी



मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईवीएम से जुड़ी आशंकाओं को खारिज किया और लोगों को आश्वासन दिया कि उनका वोट सुरक्षित है। इसलिए मतदान जरूर करे। ईवीएम 100%सुरक्षित हैं। इसमें तकनीकी, प्रशासनिक और प्रक्रिया-उन्मुख सुरक्षा उपाय मौजूद हैं। ईवीएम पर संदेह संबंधी सवालों के जवाब में कहा, ' यह अब कोई मुद्दा नहीं है।

---

## पानीपत में थानेदार का दलाल एक लाख की रिश्वत के साथ पकड़ा

**दुष्कर्म का मामला निपटाने के लिए मांगे थे रुपये** | **सेक्टर 13-17 के एसएचओ को दिए जाने थे पैसे** | **करनाल की एसीबी टीम ने की सख्त कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की करनाल की टीम ने हुडा सेक्टर 13/17 के एसएचओ बिलासाराम के दलाल धर्मेंद्र निवासी पाची, जिला सोनीपत को एक लाख रुपये की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है। धर्मेंद्र ने यह रकम शिकायतकर्ता से ली थी और इसे बिलासाराम को दिया जाना था। एसीबी ने धर्मेंद्र को स्काई लार्क से गिरफ्तार कर लिया। बिलासाराम धर्मेंद्र की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही अपना सरकारी मोबाइल सब इंस्पेक्टर को देकर फरार हो गया। इंस्पेक्टर बिलासाराम रोहतक के महम का रहने वाला है। उनकी सेवानिवृत्ति को एक साल बाकी है। जांच अधिकारी तेजराम ने बताया कि धर्मेंद्र को पकड़ लिया है। इंस्पेक्टर बिलासाराम फिलहाल फरार है।



रिश्वत लेने का आरोपी दलाल

### इसलिए मांगे रुपये

एक युवक ने शिकायत में बताया कि रोहतक की लड़की की शिकायत पर उस पर रेप, गर्भपात व अन्य धाराओं में केस दर्ज है। बिलासाराम केस को कमजोर करने की एवज में धर्मेंद्र के माध्यम से पैसे मांग कर रहा था। शिकायतकर्ता का दावा है उस पर लगाए गए आरोप झूठे थे, इसलिए वह रिश्वत नहीं देना चाहता। एसीबी टीम ने धर्मेंद्र व इंस्पेक्टर बिलासाराम के खिलाफ करनाल थाने में केस दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती बरती जा रही। आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## पलवल में आग से जले तीन बच्चों ने दम तोड़ा

**पलवल।** पलवल में बुधवार को एक परचून की दुकान में आग लगने से झुलसे 3 बच्चों की गुरुवार को मौत हो गई है। मृतकों में 2 बच्चे सगे भाई-बहन थे, जबकि तीसरा बच्चा पड़ोस में रहने वाला था। तीनों को दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। मामला लखनका गांव का है। स्थानीय निवासी खलील अहमद ने पुलिस को बताया है कि गांव में उसकी परचून की दुकान है। बुधवार शाम वह नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद चला गया। इस दौरान दुकान पर उसका बेटा हुजैफा (15), बेटी सारमीन (13) और पड़ोसी याकूब का बेटा मोहम्मद खान (12) मौजूद थे। इसी दौरान दुकान में बिजली चली गई तो बेटे ने रोशनी के लिए मोमबत्ती जला ली। पता नहीं, न जाने कैसे मोमबत्ती से दुकान में आग लग गई औ यह हादसा हो गया। दिल्ली में इलाज के दौरान तीनों बच्चों की मौत हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**दुकान में छोड़कर नमाज पढ़ने गया था पिता बिजली जाने पर जलाई मोमबत्ती से हादसा**

## प्रदेश के 5 जिलों में बारिश व ओले खेतों और मंडियों में भीगी फसलें

- मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट, होगी बारिश
- अब मौसम 21 अप्रैल तक परिवर्तनशील रहेगा

### दर्जनों गांवों मे फसलों को भारी नुकसान, किसान परेशान

हरिभूमि टीम ▸▸ हरियाणा

प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज बदल गया। पांच जिलों में तेज हवा के बाद बारिश हुई और ओले भी गिरे। इसके कारण फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों और मंडियों में गेहूं और सरसों की फसल में पानी भरने से किसानों को नुकसान का अंदेशा है। शुक्रवार को कैथल, अंबाला, करनाल, सोनीपत और पानीपत के कुछ क्षेत्रों में ओले गिरे और बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदेश में 21 अप्रैल तक मौसम में बदलाव देखने का मिलेगा। इसको देखते हुए मौसम विभाग ने यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ सहित उत्तरी हरियाणा के पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, यमुनानगर में मौसम खराब रहने के आसार हैं। ऐसे में किसानों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है, ताकि वे फसलों को खराब होने से बचा सकें।



इंद्री की अनाज मंडी में गेहूं की ढेरियों पर बिछी ओलों की सफेद चादर और बारिश से भरा पानी

### करनाल में भारी नुकसान

अचानक आई बेमौसमी बारिश और भारी ओलावृष्टि से करनाल के इंद्री के पास दर्जनों गावों में गेहूं की पकी फसल नष्ट हो गई। ओलावृष्टि इतनी तेज थी कि देखते ही देखते खेतों व सडक़ों पर ओलों की सफेद चादर बिछ गई। ओलावृष्टि से खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल, टमाटर, घिया, बैंगन व मक्का को भारी नुकसान हुआ है, जिसके चलते किसानों में मायूसी छाई हुई है। मंडियों में भी गेहूं की ढेरियों पर ओलों की सफेद चादर बिछ गई।

### यहां गिरे ओले

- कैथल जिले के पुंडरी में बारिश के साथ ओले गिरे हैं। सोनीपत के गोहाना, पानीपत के समालखा, अंबाला के मुलाना और करनाल के इंद्री में भी बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है।
- मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 21 अप्रैल तक मौसम खराब रहने की संभावनाओं को देखते हुए किसान सावधानी बरतें। क्योंकि खेतों में इस समय गेहूं की फसल सूखी खड़ी हुई है। दो दिन कटाई रोक दें।

---

साउथ चाइना सी में तैनात होंगी, 3130 करोड़ में हुआ था सौदा, मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक व मारक क्षमता 290 किमी

*दो ब्रह्मोस मिसाइलें 10 सेकेंड के अंदर दागी जा सकती हैं*


## भारत ने पहली बार किया ब्रह्मोस का निर्यात, फिलीपींस को पहली खेप सौंपी

*भारत फिलीपींस को देगा मिसाइल ऑपरेट करने की भी ट्रेनिंग*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप शुक्रवार को सौंप दी। ब्रह्मोस पाने वाला फिलीपींस पहला बाहरी देश है। भारत ने जनवरी 2022 में फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की बिक्री के लिए 375 मिलियन डॉलर (3130 करोड़) की डील की थी। भारतीय वायुसेना ने सी-17 ग्लोब मास्टर विमान के जरिए इन मिसाइलों को फिलीपींस मरीन कॉर्प्स को सौंपा। इन मिसाइलों की स्पीड 2.8 मैक और मारक क्षमता 290 किमी है। एक मैक ध्वनि की गति 332 मीटर प्रति सेकेंड होती है। फिलीपींस को सौंपी गई मिसाइल की स्पीड ध्वनि की गति से 2.8 गुना ज्यादा है।

### चीन-फिलीपींस में तनाव

फिलीपींस को उस समय मिसाइल सिस्टम की डिलीवरी मिली है, जब उसके और चीन के बीच साउथ चाइना सी में तनाव बढ़ा है। फिलीपींस ब्रह्मोस के 3 मिसाइल सिस्टम को तटीय इलाकों (साउथ चाइना सी) में तैनात करेगा, ताकि चीन के खतरे से निपटा जा सके। ब्रह्मोस के हर एक सिस्टम में दो मिसाइल लॉन्चर, एक रडार और एक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर होता है। इसके जरिए सबमरीन, शिप, एयक्राफ्ट से दो मिसाइलें 10 सेकेंड में दागी जा सकेंगी।




### इसलिए खरीदी

फिलीपींस की चीन के साथ हाल ही में साउथ चाइना सी में कई बार झड़प हुई है। ब्रह्मोस मिसाइलों से समुद्र में फिलीपींस की ताकत बढ़ेगी और समुद्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को भी रोका जा सकेगा।

### अर्जेंटीना-वियतनाम में भी ब्रह्मोस की मांग

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के डायरेक्टर जनरल अतुल दिनाकर राणे ने जून 2023 में कहा था- अर्जेंटीना, वियतनाम सहित 12 देश ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को खरीदने में इंटरेस्ट दिखा चुके हैं। बाहरी देशों की ब्रह्मोस की मांग बताती है कि यह मिसाइल सिस्टम बहुत भरोसेमंद है।

### भारत को फायदे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिलीपींस के साथ यह डील देश को रक्षा क्षेत्र में एक्सपोर्टर बनाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने में मदद देगी। इस डील से मिलिट्री इंडस्ट्री का भी मनोबल बढ़ेगा और साउथ-ईस्ट एशिया में भारत को भी एक बड़ा भरोसेमंद एक्सपोर्टर के रूप में देखा जाएगा। साथ ही इस डील से भारत-फिलीपींस के रिश्तों में मजबूती आएगी और चीन को दोनों देशों की एकजुटता का संदेश जाएगा।

## इजराइल का पलटवार, ईरान के शहरों में दागे रॉकेट और ड्रोन

**ईरान ने वायुसेना अड्डा, परमाणु स्थल के बचाव में गोलाबारी की**

**सुबह 6 बजे परमाणु ठिकाने वाले शहरों को बनाया निशाना**

**इराक और सीरिया में भी एयर स्ट्राइक से बढ़ा तनाव**

**13 अप्रैल को ईरान ने इजराइल पर किया था हमला -इजराइल ने ईरान के बारे में अमेरिका को आखिरी क्षणों में सूचना दी**

भाषा ▸▸ दुबई/तेल अवीव

इजराइल ने ईरानी हमले के छह दिन बाद शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे (भारतीय समयानुसार) जवाबी कार्रवाई की है। सूत्रों के मुताबिक इजराइल ने ईरान के परमाणु ठिकाने वाले शहर इस्फहान को निशाना बनाया। टाइम्स ऑफ इजराइल ने कहा है कि हमला ईरान के एयरबेस पर हुआ है। इसके अलावा इराक और सरिया में भी एयरस्ट्राइक की गई। वहीं, ईरान में संभवतः इजराइल की ओर से शुक्रवार तड़के ड्रोन हमला किए जाने पर एक वायुसेना अड्डा और परमाणु स्थल के बचाव में ईरानी सैनिकों ने वायु रक्षा प्रणालियों का इस्तेमाल किया। इस ड्रोन हमले को, ईरान के अप्रत्याशित ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद इजराइल की जवाबी कार्रवाई माना जा रहा है।

### भारत ने इजराइल की फ्लाइट 30 तक रद की

एयर इंडिया ने शुक्रवार को ईरान पर इजराइल के हमले के चलते 30 अप्रैल तक तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट्स रद कर दी हैं। कंपनी ने एक बयान जारी कर कहा कि मिडिल ईस्ट में हालातों को देखते हुए तेल अवीव से हमारी उड़ानें 30 अप्रैल 2024 तक सस्पेंड रहेंगी। हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और इस जिन यात्रियों ने टिकट बुक की है, उन्हें फ्री रिशेड्यूल और कैंसिलेशन का विकल्प मिलेगा।




**घर वापसी**

# बीरेंद्र ने हमेशा नेतृत्व को दी सीधी चुनौती, बढ़ेगी सिर फुटौवल

*पूर्व केंदीय मंत्री की पहचान केवल छोटू राम के नाती के रूप में ही नहीं, बल्कि नेतृत्व को सीधी चुनौती देने वाले नेता के रूप में भी रही है। जिस टिस के साथ भाजपा में गए तथा उसी के साथ अब 10 साल बाद कांग्रेस में वापसी की है।*

मोहन भारद्वाज ▶▶ रोहतक

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, हरियाणा की राजनीति का एक जाना पहचाना नाम। उचाना से पहली बार 1977 में विधायक बने बीरेंद्र सिंह करीब 42 साल तक नाना चौ. छोटूराम की राजनीतिक विरासत के वारिस बने रहे। 2014 में कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन की तो पार्टी ने बिना चुनाव लड़वाएं केंद्र में कैबिनेट मंत्री के पद पर बिठा दिया। पत्नी को विधायक और आईएएस की नौकरी छोड़ राजनीति में आए बेटे को लोकसभा भेज दिया। कांग्रेस जो 42 साल के राजनीति कैरियर में नहीं दे पाई, भाजपा ने वह महज 10 साल से कम समय में दे दिया।

### अधूरा रह गया एक सपना

बीरेंद्र सिंह को भाजपा ने 10 साल में केंद्र में कैबिनेट मंत्री से लेकर भले ही बीरेंद्र सिंह को सबकुछ दे दिया हो परंतु मुख्यमंत्री बनने का सपना यहां भी अधूरा रह गया। जिसका दर्द 2019 में बेटे को टिकट मिलने पर मंत्री पद जाने के बाद कई बार छलका। 2019 के चुनाव में अपनी परंपरागत सीट पर विधायक पत्नी की हार के बाद जब 2024 के लोकसभा चुनाव में सांसद बेटे की टिकट पर खतरा मंडराता देख वहीं टिस लेकर कांग्रेस में लौट आए, जिसे लेकर 10 साल पहले कांग्रेस छोड़ी थी। हालांकि भाजपा में रहते हुए बीरेंद्र सिंह 2014 में पत्नी प्रेमलता को विधायक व 2019 में आईएएस बेटे बृजेंद्र सिंह को सांसद बनाकर सफल राजनीतिक लॉचिंग करने में सफल रहे।

जो काम वह 42 साल कांग्रेस में रहते हुए कभी नहीं कर पाए थे। वहीं कांग्रेस नॉन जाट चेहरे पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन को उतारना चाहती है तो बीरेंद्र सिंह कांग्रेस में आने से पहले ही अपने बेटे बृजेंद्र सिंह की उम्मीदवारी पर दावा ठोक चुके हैं। इससे अब पहले ही एसआरके व हुड्डा खेमें में बंटी कांग्रेस में गुटबाजी बढ़ने सिर फुटौवल पहले से अधिक बढ़ सकती है। बेटे को टिकट नहीं मिली तो भले ही बीरेंद्र सिंह कांग्रेस न छोड़े, परंतु अपने बयानों से पार्टी को अहसज करने से पीछे से हटेंगे।

**बीरेंद्र सिंह 1977 में पहली बार उचाना से विधायक बने। 42 साल के करियर में केंद्रीय मंत्री तक पहुंचे, लेकिन सीएम न बनने का मलाल।**

### मंत्रीपद जाते ही दिखाने लगे थे तेवर



मंत्रीपद जाने के बाद बीरेंद्र सिंह अक्सर अपने बयानों से सरकार को असहज करते रहे तथा 2024 में बेटे का टिकट कटने की आहट को भांपते हुए बीरेंद्र सिंह ने पहले अपने बेटे को कांग्रेस में भेजा तथा 9 अप्रैल को पत्नी व समर्थकों के साथ करीब 10 साल बाद उन्होंने भाजपा का कमल छोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया। अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले बीरेंद्र सिंह सीधे पार्टी नेतृत्व को चुनौती देते रहे हैं। हिसार से भाजपा ने देवीलाल के बेटे रणजीत चौटाला तो जजपा ने नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाया है।

### 10 साल बाद फिर पढ़ी वही स्क्रिप्ट

जींद में रैली कर जब बीरेंद्र सिंह ने भाजपा ज्वाइंन की तो कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधकर मुख्यमंत्री नहीं बन पाने की खीज निकाली थी। बिना लोकसभा चुनाव लड़े मोदी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने बीरेंद्र सिंह ने कहा था कि कांग्रेस जो सम्मान उसे 42 साल में नहीं दे पाई, वह भाजपा ने चंद महीनों में दे दिया। अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा ज्वाइन करते समय बीरेंद्र सिंह ने भाजपा व मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े तो 10 साल बाद कांग्रेस में वापसी के समय सोनिया व राजीव गांधी के साथ राहुल की प्रशंसा करने में हिचक नहीं दिखाई। ऐसे में यह कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि बीरेंद्र सिंह ने 10 साल पहले कांग्रेस छोड़ते समय भाजपा व मोदी के नेतृत्व में जो स्क्रिप्टपढ़ी थी, वहीं कांग्रेस ज्वाइन करते समय राजीव गांधी, सोनिया गांधी व राहुल गांधी के लिए भी पढ़ी। आने वाले दिनों में पार्टी की अंदर राजनीति भी गरम रहेगी।

### बीरेंद्र सिंह के सामने कई चुनौतियां

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह का भले ही आधी शदी से अधिक का राजनीतिक अनुभव हो, परंतु 2024 में उनके सामने कई बड़ी चुनौतियां रहेंगी। जिनमें प्रदेश कांग्रेस में सबसे बड़ी चुनौती को भूपेंद्र सिंह हुड्डा की विटो को दरकिनारे कर अपने सांसद बेटें बृजेंद्र सिंह के लिए हिसार से लोकसभा व लोकसभा के बाद इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव में पत्नी प्रेमलता के लिए उचाना से टिकट प्राप्त करना। लोकसभा चुनाव में हिसार सीट से भूपेंद्र हुड्डा की पहली पसंद पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन बिश्नोई हैं। इसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश उर्फ जेपी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा बृजेंद्र को हिसार से लोकसभा की बजाय उचाना से विधानसभा चुनाव लड़वाना चाहते हैं।


पूरी खबर की जानकारी के लिए स्कैन करें

### आगे की राह भी आसान नहीं

यदि किसी प्रकार बीरेंद्र सिंह बेटे को लोकसभा का टिकट दिलवाने में सफल रहे तो विधानसभा चुनाव में हुड्डा प्रेमलता की बजाय अपने किसी खास समर्थक को चुनाव मैदान में उतारने का प्रयास करेंगे। जो लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय बने हुए हैं। हुड्डा को बाइपास कर बीरेंद्र सिंह के लिए लोकसभा में अपने बेटे व विधानसभा में पत्नी का चुनाव जीता पाना बदली परिस्थितियों में अब इनता आसान नहीं होगा। स्वयं बीरेंद्र सिंह की विश्वसनियता अब पहले जैसी नहीं रही और बृजेंद्र सिंह सांसद और प्रेमलता विधायक के रूप में जनता के बीच अपना प्रभाव छोड़ने में पूरी तरह से सफल नहीं हो पाए।

**सियासी हलचल**

### प्रदेश में पहले चलती थी दबंगई भाजपा सरकार ने की खत्म



**जींद।** पूर्व सीएम मनोहरलाल शुक्रवार को सोनीपत लोस से भाजपा प्रत्याशी के जींद तथा सफीदों कार्यालय में पहुंचे और जींद जिले की तीन विस भाजपा पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर बातचीत की। पीएम नरेद्र मोदी के दस साल की सफलता और जो देश को दिशा दी गई है, उसके आधार पर तथा भाजपा के संकल्प पत्र के आधार पर आगे बढ़ेंगे। पूर्व सीएम मनोहर लाल कैबिनेट के फर्जी लेटर के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार करने वालों की हर तकनीक को फेल किया गया है। मुलजिम को भी पकड़ा गया है। कोई जमाना था जब ऐसा चल जाता था, अब ऐसा नही चलता है। कोई भ्रष्टाचार करने वाला आता है तो उसको पकड़ते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले दबंगाई चलती थी, भाजपा सरकार ने उसे खत्म किया।

### आज करनाल पहुंचेंगे सीएम

**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी 20 अप्रैल शनिवार को करनाल पहुंचकर विभन्नि कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे और कार्यकर्ताओं से भी रूबरू होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी करनाल विधानसभा उप चुनाव व लोकसभा चुनाव को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे। यह जानकारी भाजपा कार्यालय से रवि शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी दोपहर 1 बजे सेक्टर-9 स्थित कर्ण कमल पहुंचेंगे और कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे।

**हुड्डा, सैलजा, किरण और सुरजेवाला के अपने-अपने दावे**

# मल्लिकार्जुन खड़गे बिहार के दौरे पर, कांग्रेस की सूची टली

**आज सूची फाइनल होने की उम्मीद संभावित प्रत्याशियों की धड़कने बढ़ी**

**खींचतान के चलते पार्टी हाईकमान फूंक-फूंक कर रख रहा कदम**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार कांग्रेस पार्टी की ओर से हरियाणा में लोकसभा सीटों पर कौन-कौन उम्मीदवार होंगे, इसका फैसला शुक्रवार को भी देर शाम तक नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि हरियाणा में 9 लोकसभा सीटों पर चेहरों को लेकर कांग्रेस की धड़ेबंदी भी बाधा बनी हुई है। पिछले कईं दिनों से मामला टलता आ रहा है, इसी तरह से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दिल्ली से बाहर होने के कारण शुक्रवार को भी सूची जारी नहीं हो सकी है। अब इसके शनिवार को जारी कर दिए जाने की पूरी उम्मीद बन गई है।

सूत्रों का कहना है कि हरियाणा में लोकसभा की 9 सीटों पर कौन-कौन से चेहरे प्रत्याशी होंगे, अब यह मामला सोनिया गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष के दरबार में पहुंच गया है। जिस पर शनिवार को अंतिम फैसला लिए जाने और दोपहर बाद में सूची जारी करने की बात कही जा रही है।

दोपहर बाद तक कांग्रेस की शुक्रवार को सूची आने की उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन एक बार फिर से मामला टाल दिया गया।इसके पीछे बड़ा कारण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बिहार दौरा बताया जा रहा है, इसके कारण सब कमेटी द्वारा हरियाणा की सीटों को लेकर तैयारी की गई रिपोर्ट नहीं दी जा सकी है। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह कांग्रेस सब कमेटी कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को रिपोर्ट सौंप देगी, जिसके बाद में उस रिपोर्ट में शामिल नामों को लेकर अंतिम मंथन होगा, साथ ही सूची जारी कर दी जाएगी।

यहां पर बता दें कि कांग्रेस में टिकटों के वितरण को लेकर भी खींचतान और धड़ेबंदी की बात की जा रही है। बताया जा रहा है कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा अपने और उनका विरोधी खेमा अपने अपने चेहरों को मैदान में उतारने की जिद पर है। इसी खींचतान और एक दूसरे के प्रत्याशियों को कमजोर बताने के कारण मामला टलता रहा, क्योंकि कांग्रेस हाईकमान भी फूंक फूंक कर कदम रख रहा है। यही कारण है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और सोनिया गांधी के दरबार तक मामला पहुंच गया है। सूत्रों का कहना है कि हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने शुक्रवार को सोनिया गांधी से मुलाकात भी कर ली है।



### हाईकमान लगाएगा अंतिम मुहर

नामों पर अंतिम फैसला कांग्रेस हाईकमान की ओर से सोनिया गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष की ओर से विचार मंथन के बाद लिया जाएगा। यह भी बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह सब कमेटी को वक्त दिया गया है। इस बारे में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस मामलों के प्रभारी दीपक बाबरिया ने मीडिया से बातचीत में साफ कर दिया है कि शनिवार को शाम तक प्रदेश के कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी जाएगी।


**शोक संदेश**



**स्वर्गीय चौ. जय सिंह फौगाट जी**

11 अप्रैल 2024, गुरूवार

आप सभी को अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री जय सिंह फौगाट जी पुत्र चौ. अमरसिंह फौगाट जी दिनांक 11 अप्रैल 2024, गुरूवार को अपनी जीवनयात्रा पूर्ण कर परमेश्वर के श्री चरणों में विलीन हो गए हैं।

**श्रद्धांजलि सभा**

दिनांक: 21 अप्रैल 2024, रविवार
समय: सुबह 9 बजे, स्थान- भालोठ गांव, रोहतक

शोकाकुल परिवार
संदीप, परमजीत, सचिन ( पुत्रगण )
यकशित, प्रिंस, मयंक ( पौत्रगण )
समस्त फौगाट परिवार
मो. 9812210415, 9996185555, 9813223806


## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के विजेताओं के नाम

**प्रथम पुरस्कार (कार 1 नग)**

1 अरविन्द ठाकुर पिता राम दुलारे ठाकुर, जंघेल प्लाजा, मंडी गेट, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

**द्वितीय पुरस्कार (एल.ई.डी टीवी 4 नग)**

1 शारदा जायसवाल, ज्वाली नाला, तेलीपारा रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
2 रामचंद्र प्रजापति सुपुत्र श्री कृष्ण पाल प्रजापति, आदर्श नगर, हिसार (हरियाणा)
3 भीषम कुमार नगरची पिता प्रेमसिंग नगरची ,देवगांव, छुइहा बेलर (छ.ग.)
4 दिनेश कुमार वर्मा पिता राधेश्याम वर्मा, गोकुल नगर, रायपुर (छ.ग.)

**तृतीय पुरस्कार (रेफ्रीजरेटर 5 नग)**

1 सूरज सिंह क्षत्री, सतपाल भवन, 27 खोली, बिलासपुर (छ.ग.)
2 शंकर लाल तिवारी, स्कूल पारा, बैशाली नगर, कुसमुंडा, कोरबा (छ.ग.)
3 रमन सिहाग सुपुत्र रामेश्वर सिहाग हालू बाजार भिवानी (हरियाणा)
4 मोईन अ. खान पिता जी. एम खान माकन नंबर-646, सड़क-7, शांति नगर, भिलाई नगर (छ.ग.)
5 भावेश पाल पिता संतोष पाल, मठपुरेना, रायपुर (छ.ग.)

**चतुर्थ पुरस्कार (वाशिंग मशीन 3 नग)**

1 महामाया स्टेशनरी एंड स्पोर्ट्स, स्कूल रोड, हनुमान मंदिर के पास, अंबिकापुर (छ.ग.)
2 बसंत लाल भार्गव सुपुत्र शिवदयाल भार्गव, रेवाड़ी रोड, दुकान नारनौल (हरियाणा)
3 मनोज चंद्राकर पिता नेमकरण चंद्राकर, झुरानगांव, बारना, कुरूद, धमतरी (छ.ग.)

**पांचवा पुरस्कार (माइक्रोवेव ओवन 3 नग)**

1 संगीता अग्रवाल, खरसिया रोड, वार्ड नंबर-1, सक्ती (छ.ग.)
2 दिपांशु रंजन सुपुत्र रमेश कुमार म.नं. 301/1 वार्ड नं. 2 संजय कॉलोनी, रोहतक (हरियाणा)
3 रवि कुमार वर्मा पिता डी. पी. वर्मा, मोहदी, फारेस्ट कॉलोनी, मगरलोड, धमतरी (छ.ग.)

**छटा पुरस्कार (गैस स्टोव 4 नग)**

1 नीलेश कुमार पटवा, बाज़ार पारा, पटना, कोरिया (छ.ग.)
2 मुन्ना लाल साहू, एनकेजे, कटनी (म.प्र.)
3 श्याम लाल(सोरी) ठाकुर पिता उदय सिंह सोरी (ठाकुर), वार्ड नंबर-5, आमादार पारा डौंडी, दल्लीराजहरा बालोद (छ.ग.)
4 पुनीत राम साहू पिता धुरेहा राम साहू, चन्दनबिरही, चिटॉद, धमतरी (छ.ग.)

**सातवा पुरस्कार (इंडक्शन 12 नग)**

1 धन्नू राम वाघकार, जरहागांव, मुंगेली (छ.ग.)
2 ब्रिजेश कुमार जायसवाल, पुरानी बस्ती, कटघोरा, कोरबा (छ.ग.)
3 रीतू मांझी, फुन्दुलडिहारी, महुआपारा, अंबिकापुर (छ.ग.)
4 महेश राम देवांगन, सेठी नगर, चक्रधर नगर. रायगढ़ (छ.ग.)
5 श्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सुपुत्र श्री रामपत राम शर्मा, राव तुलाराम विहार, रेवाड़ी (हरियाणा)
6 श्री वेदप्रकाश सुपुत्र श्री गोपीराम, गांव व डा. रोहण, तह. खरखौदा, सोनीपत (हरियाणा)
7 विकाश साहू पिता श्रीराम साहू , माँ कर्मा वार्ड.न.02, कवर्धा (छ.ग.)
8 पूरण महानंद पिता गरसा महानंद सिंचाई कॉलोनी रायपुर (छ.ग.)
9 अजय कुमार पिता स्व. केशव प्रसाद, शांति नगर भिलाई (छ.ग.)
10 घनाराम राम नेताम पिता दीनदयाल नेताम, प्लाट -182/3, वी.आई.पी. नगर भिलाई (छ.ग.)
11 ओम प्रकाश देवांगन पिता जतीराम देवांगन, मुक्ति धाम राम नगर भिलाई (छ.ग.)
12 रामेश्वर दावले पिता के.एल.दावले मकान नं 64, राजवीर नगर, सेमराकलां (म.प्र.)

**आठवां पुरस्कार (रूम हीटर 6 नग)**

1 नरेश साहू, मेन रोड, जरोधा, तखतपुर (छ.ग.)
2 अरविंद कुमार खटीक ग्राम कागपुर जिला विदिशा (म.प्र.)
3 रजनीश कुमार जैन, श्री महेंद्र कुमार जैन वार्ड नंबर 5 कोतमा (म.प्र.)
4 पूर्वांशी सुपुत्री सोमबीर गांव दगड़ोली, बाढ़ड़ा, चरखी दादरी (हरियाणा)
5 भूषण लाल ध्रुव पिता सुखु राम ध्रुव, सुरभि विहार कॉलोनी, मचेवा महासमुंद (छ.ग.)
6 रीमन साहू पिता पुलस्य कुमार, डिपोपारा, सोरिद, धमतरी (छ.ग.)

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 10 मई से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 5 तक के हरियाणा के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 6 से 10 एवं गारंटी उपहार के हरियाणा के विजेताओं को सम्बन्धित हरिभूमि कार्यालय / सम्बन्धित अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. 20,000 या 20,000 से अधिक मूल्य के पुरस्कार पर पाठक को टी.डी.एस. के रूप में 30% का भुगतान जमा करना होगा।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :-
फोन : 9253681019, 9253681020

### पलवल के 118 वर्षीय धर्मवीर प्रदेश में सबसे बुजुर्ग मतदाता

■ सिरसा की 117 वर्ष की बलबीर कौर हैं सबसे बुजुर्ग महिला मतदाता

**चंडीगढ़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि 18वीं लोकसभा 2024 के आम चुनाव आज से शुरू होने के साथ ही चुनाव का पर्व, देश का गर्व महोत्सव शुरू हो गया है। हरियाणा में 25 मई को छठे चरण के चुनाव होने हैं। बुजुर्ग एवं युवा मतदाताओं व विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ठ उपलब्धि हासिल करने वालों को जिला चुनाव आईकान बनाया गया है, जिनका उद्देश्य पिछले लोकसभा चुनाव में हुए मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।उन्होंने बताया कि पलवल जिले के धर्मवीर हरियाणा में 118 आयु वर्ष के सबसे बुजुर्ग मतदाता हैं। इसी तरह से सिरसा जिले की बलबीर कौर 117 वर्ष, सोनीपत जिले की भगवानी 116 वर्ष, पानीपत जिले के लक्खीशेक 115 वर्ष, रोहतक जिले की चंद्रो कौर 112 वर्ष, फतेहाबाद जिले की रानी 112 वर्ष, जिले की रानी 112 वर्ष, कुरुक्षेत्र जिले की अंती देवी, सरजीत कौर व चोबी देवी 111-111 वर्ष की हैं। इसी प्रकार से रेवाड़ी जिले की नारायणी 110 वर्ष, कैथल जिले की फुल्ला 109 वर्ष, फरीदाबाद जिले की चंदेरी देवी 109 वर्ष, जींद जिले की रामदेवी 108 वर्ष, नूंह जिले के हरि 108 वर्ष, झज्जर जिले की मेवा देवी 106 वर्ष, करनाल के गुलजार सिंह 107 वर्ष, हिसार जिले के शदकीन व श्रीराम और चरखी-दादरी जिले की गिना देवी 106-106 वर्ष की मतदाता हैं।

उन्होंने बताया कि भिवानी जिले की हरदेई 103 वर्ष तथा यमुनानगर की फूलवती 100 वर्ष की मतदाता हैं। अग्रवाल ने मीडिया भी मतदान का आह्वान करने की अपील की।


## पंचायतों की भूमि को वर्ष 2024-25 के लिए पट्टे पर देने बारे प्रोग्राम खण्ड-मुरथल

खण्ड मुरथल में ग्राम पंचायतों की भूमि को वर्ष 2024-25 के लिए पट्टे पर देने हेतू निम्नलिखित तिथि निश्चित की गई है जो निम्न प्रकार से है।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत का नाम | रकबा | पट्टा अवधि ए० क० म० | तिथि | समय | स्थान | ग्राम सचिव के नाम | सुपरवाईजर के नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बसौदी | 38-7-11 | 2024-25 | 22.04.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री विकास | बी.डी.पी.ओ. |
| 2. | भूर्री | 06-7-07 | 2024-25 | 22.04.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री हवासिंह | एस.ई.पी.ओ. |
| 3. | खेवड़ा | 202-0-00 | 2024-25 | 23.04.2024 | 10:00 बजे | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री अमित कुमार | ए.डी.सी./ बी.डी.पी.ओ. |
| 4. | मच्छरौला | 12-2-18 | 2024-25 | 23.04.2024 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री प्रदीप भनवाला | बी.डी.पी.ओ. |
| 5. | नान्दनौर | 13-7-00 | 2024-25 | 24.04.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री प्रदीप भनवाला | बी.डी.पी.ओ. |
| 6. | जाजल | 45-4-08 | 2024-25 | 24.04.2024 | 01:00 बजे | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री अमित कुमार | बी.डी.पी.ओ. |
| 7. | दिपालपुर | 216-7-01 | 2024-25 | 25.04.2024 | 10:00 बजे | खण्ड कार्यालय मुरथल | श्री प्रदीप भनवाला | ए.डी.सी./ बी.डी.पी.ओ. |
| 8. | टिकौला | 01-4-00 | 2024-25 | 25.04.2024 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नरेंद्र कुमार | एस.ई.पी.ओ. |
| 9. | राजपुर | 52-0-00 | 2024-25 | 26.04.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री विकास | डी.डी.पी.ओ./ बी.डी.पी.ओ. |
| 10. | मिमारपुर | 17-7-05 | 2024-25 | 26.04.2024 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री प्रदीप भनवाला | बी.डी.पी.ओ. |
| 11. | पलड़ा | 18-4-08 | 2024-25 | 29.04.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री विकास | बी.डी.पी.ओ. |
| 12. | रसूलपुर | 02-4-00 | 2024-25 | 29.04.2024 | 11:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री हवासिंह | एस.ई.पी.ओ. |
| 13. | धतूरी | 11-0-00 | 2024-25 | 30.04.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री मंजीत सिंह | बी.डी.पी.ओ. |
| 14. | मुकिमपुर | 21-2-17 | 2024-25 | 30.04.2024 | 02:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री प्रदीप भनवाला | बी.डी.पी.ओ./ एस.ई.पी.ओ. |
| 15. | मलिकपुर | 32-0-05 | 2024-25 | 01.05.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री मंजीत सिंह | बी.डी.पी.ओ. |
| 16. | भिगान | 13-6-04 | 2024-25 | 01.05.2024 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नरेंद्र कुमार | बी.डी.पी.ओ. |
| 17. | कामी | 26-1-14 | 2024-25 | 02.05.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री मंजीत सिंह | बी.डी.पी.ओ. |
| 18. | पलड़ी खुर्द | 11-4-05 | 2024-25 | 02.05.2024 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री अमित कुमार | बी.डी.पी.ओ. |
| 19. | लड़सौली | 12-2-18 | 2024-25 | 03.05.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री मंजीत सिंह | बी.डी.पी.ओ. |
| 20. | रामनगर | 01-2-04 | 2024-25 | 03.05.2024 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नरेंद्र कुमार | एस.ई.पी.ओ. |
| 21. | सनपेड़ा | 14-6-19 | 2024-25 | 06.05.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नरेंद्र कुमार | बी.डी.पी.ओ. |
| 22. | उमेदगढ़ | 14-6-00 | 2024-25 | 06.05.2024 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री हवासिंह | बी.डी.पी.ओ. |
| 23. | कुराड़-इब्राहिमपुर | 18-6-12 | 2024-25 | 07.05.2024 | 10:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नरेंद्र कुमार | बी.डी.पी.ओ. |
| 24. | नांगल खुर्द | 42-0-00 | 2024-25 | 07.05.2024 | 01:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री अजीत कुमार | बी.डी.पी.ओ. |
| 25. | बडौली | 16-5-19 | 2024-25 | 08.05.2024 | 02:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री मंजीत सिंह | बी.डी.पी.ओ. |
| 26. | जैनपुर | 05-4-00 | 2024-25 | 08.05.2024 | 11:00 बजे | सामान्य चौपाल | श्री नरेंद्र कुमार | एस.ई.पी.ओ. |

हस्ता/-
खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी,मुरथल ।

## खबर संक्षेप


सिरसा। चूरापोस्त के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### 210 किग्रा डोडा चूरापोस्त सहित पांच आरोपी काबू

**डबवाली।** एएनसी स्टाफ डबवाली ने गश्त के दौरान दो ट्रकों को काबू कर पांच आरोपियों को के कब्जे से 210 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद किया है। तीनों आरोपियों की पहचान प्रवीण कुमार पुत्र प्रेम कुमार निवासी जोतांवाली, जसबीर सिंह पुत्र सुखदेव सिंह व हरदीप सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र नाजर सिंह निवासी मांगेआना के रुप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

### नप जेई समेत चारों की जमानत याचिकाएं मंजूर

**नारनौल।** नगर परिषद प्रॉपर्टी आईडी मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा करीब डेढ़ महीने गिरफ्तार किए गए नारनौल नगर परिषद के जेई विकास शर्मा, दो प्रॉपर्टी डीलरों और बाद में गिरफ्तार किए गए तहसील कार्यालय के रजिस्ट्री क्लर्क सहित चारों आरोपितों की अदालत ने जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

### 24 व 25 को यूएमसी केसों की सुनवाई

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) एवं डीएलएड (रि-अपीयर/मर्सी चांस) परीक्षा मार्च-2024 में जिन परीक्षार्थियों के अनुचित साधन संबंधी केस (यूएमसी) दर्ज हुए थे, ऐसे परीक्षार्थियों को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बोर्ड मुख्यालय भिवानी पर 24 एवं 25 अप्रैल को प्रातः नौ बजे बुलाया गया है।

### नहर में ट्रेलर हेल्पर की डूबने से मौत

**नारनौल।** सुराणा की नहर डूबने से एक ट्रेलर हेल्पर करीब 22 वर्षीय दीपक सिंह तंवर की मौत हो गई। सदर पुलिस ने इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई करने उपरांत नागरिक अस्पताल से शुक्रवार प्रातः पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक जिला कोटपूतली राजस्थान के गांव रामनगर निवासी करीब 22 वर्षीय दीपक सिंह तंवर ट्रेलर (डंपर) पर हेल्पर था।

---

सहयोगियों की रिहाई की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसान

# शंभू रेलवे ट्रैक पर तीसरे दिन भी डटे रहे किसान, अब तक 342 ट्रेनें प्रभावित

- किसान मांगों को लेकर 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाला
- यात्रियों के लिए स्टेशन पर 5 इन्क्वायरी काउंटर बनाए गए
- 139 गाड़ियों को कैंसिल किया 170 को वाया चंडीगढ़ रूट से चलाया गया


अंबाला। शंभू रेलवे स्टेशन पर धरना देते किसान।


फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। किसानों ने रेलवे ट्रैक को पूरी तरह से जाम किया हुआ है। ट्रैक के जाम होने से यूपी, दिल्ली और हरियाणा से पंजाब और जम्मू-कश्मीर जाने वाली सभी ट्रेनें प्रभावित हैं। रेलवे के मुताबिक, किसान आंदोलन के चलते 30 ट्रेन कैंसिल करनी पड़ी हैं। शंभू रेलवे स्टेशन पर किसान आंदोलन के कारण अभी तक 382 ट्रेन प्रभावित हुई। इनमें 139 गाड़ियों को कैंसिल किया हुआ है। 170 गाड़ियों के वाया चंडीगढ़ रूट बदले कई गाड़िया शार्ट ट्रमिनट, एसेंसियल सर्विस भी प्रभावित है। शुक्रवार को जारी लिस्ट में 14502-03 कालका-मां वैष्णो देवी एक्सप्रेस 14629-30 फिरोजपुर-चंडीगढ़ एक्सप्रेस, 14505 अमृतसर-नग्गल डैम, 04689 अंबाला से जालंधर, 04509 जाखल-लुधियाना पैसेंजर ट्रेन समेत कई ट्रेने कैंसिल हैं,जिसकी वजह से यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ट्रेनें कैंसिल होने की वजह से प्राइवेट टैक्सी वाले खूब चांदी कूट रहे हैं। टैक्सी चालकों की ओर से यात्रियों से कई गुणा किराया वसूला जा रहा है।

इसकी ओर किसी का ध्यान नहीं है। शंभू रेलवे स्टेशन पर भाकियू क्रांतिकारी प्रधान सुरजीत सिंह फूल व पंजाब किसान-मजदूर यूनियन के प्रधान सुखजीत सिंह ने कहा कि जेल में बंद किसानों की रिहाई को लेकर यहां ट्रैक जाम किया गया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को जींद में मीटिंग की जाएगी, जिसमें बड़ा फैसला लिया जाएगा। किसानों ने कहा कि वे पंजाब के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ का चैलेंज कबूल कर रहे हैं। 23 अप्रैल को किसान भवन चंडीगढ़ में भाजपा नेताओं का इंतजार करेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि जिन भाजपा समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। उनमें तरुणवीर सिंह संधु मजीठा और मनजीत सिंह मन्ना व्यास आएंगे। यहां वे उनसे सवाल पूछे जाएंगे। पंधेर ने पंजाब के भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ को भी निशाने पर लिया। पहले लखीमपुरी खीरी में, फिर शंभू बॉर्डर पर और अब पूरे पंजाब में हमला कराया। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस के चंडीगढ़ दफ्तर पर भी भाजपा का झंडा लगवा दो।

### पंजाब पुलिस का भी भगवा करण हो गया

पंधेर ने कहा कि पंजाब पुलिस का भगवा करण हो गया। थाने के एसएचओ उनके हक में बोल रहे है। ईडी और सीबीआई ने सभी को डराया हुआ है। पंधेर ने कहा कि उनका फेसबुक और एक्स अकाउंट दोनों बंद किए गए हैं। उन्होंने लोगों से रेलवे ट्रैक पर ज्यादा से ज्यादा लोगों के पहुंचने की अपील की है। साथ ही कहा कि अभी लोकसभा चुनाव होने हैं इसलिए देश की जनता किसानों के हालात देखने चाहिए। लखीमपुर खीरी में जिन्होंने हत्या की, उन्हीं को भाजपा ने टिकट दी। उधर अंबाला डिवीजन के सीनियर डीसीएम नवीन कुमार ने बताया कि किसानों द्वारा शंभू स्टेशन पर रेल ट्रैक जाम किया हुआ है, जिसकी वजह से काफी सारी ट्रेन प्रभावित हुई हैं। रेलवे रूट डायवर्ट करके ट्रेनों पहुंचा रहा है।

### जींद से 22 सवारी गाड़ियों को गुजारा गया

**जींद।** फरवरी माह से प्रदेशभर में चल रहे किसान आंदोलन का असर अब ट्रेनों पर भी होने लगा है। इसके कारण ट्रेनों को रद किया जा रहा है या फिर उन्हें डायवर्ट कर भेजा जा रहा है। किसानों ने अंबाला के पास रेलवे ट्रैक पर डेरा डाल लिया है, जिससे अंबाला रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली सुपरफास्ट ट्रेनों और मालगाड़ियों को दिल्ली-बठिंडा रेलवे ट्रैक से गुजारा जा रहा है। शुक्रवार को जींद से लगभग 22 सवारी गाड़ियों को गुजारा गया वहीं जींद से कुरुक्षेत्र के बीच चलने वाली 04993-94 पैसेंजर ट्रेन को रद कर दिया गया है। ट्रेनों का 'यादा आवागमन होने के चलते फाटकों पर आधा-आधा घंटा वाहन जाम में फंसे रहते हैं। ट्रेन को रद करने का रेलवे ने पत्र जारी किया है। इस ट्रेन को कितने दिनों तक रद रखा जाएगा।

---


सिरसा। बरूवाली नहर टूटने से गेहूं की खड़ी फसल डूबी। *फोटो : हरिभूमि*

# सिरसा में नहर टूटने से करीब 100 एकड़ में गेहूं की फसल डूबी

## किसानों को भारी नुकसान, मांगा मुआवजा

- सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और नहर को नहराना हेड से बंद करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

चौपटा क्षेत्र से गुजरने वाली बरूवाली नहर गांव लुदेसर के पास शुक्रवार को अचानक टूटी गई। नहर के टूटने से किसानों की करीबन 100 एकड़ गेहूं की फसल डूब गई। इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। नहर टूटने की सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। विभाग के अधिकारियों ने नहर को नहराना हेड से बंद करवाया। इसके बाद नहर में आई दरार को ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार बरूवाली नहर शुक्रवार सुबह सात बजे टूट गई। इससे नहर में करीब 100 फीट कटाव हो गया। किसानों ने नहर टूटने की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसानों ने बताया कि लुदेसर क्षेत्र पहले से ही सेमग्रस्त है, इस कारण नहर के तटबंध काफी कमजोर हो चुके हैं। नहर के टूटने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। क्योंकि नहरी पानी से तीन से चार फुट के बीच जलभराव हो गया है। किसानों ने कहा कि खराब फसलों का मुआवजा दिया जाए। जिससे किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके। सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि नहर टूटने की सूचना मिलते ही नहर को नहराना हेड से बंद करवा दिया गया। उन्होंने इसके टूटने का कारण जंगली जानवरों द्वारा नहर के तटबंध खुदाई करने का कारण बताया है। नहर टूटने से गांव लुदेसर के किसान कुलदीप गाट, रणधीर गाट, संदीप गाट, महेंद्र गाट, अमरसिंह, छोटू, भजनलाल व अन्य किसानों के खेतों में खड़ी व कटाई की गई गेहूं की फसल डूब गई। भारी नुकसान की भरपाई के लिए सरकार मुआवजा दे।

---

फतेहाबाद स्कूल संचालक का सुसाइड केस

# स्कूल से बेदखल व बलात्कार केस में फंसाने की धमकी से परेशान था राघव बत्रा

- मृतक की पत्नी की शिकायत पर माता-पिता, बहन व शीना के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


मृतक राघव बत्रा पत्नी प्रियंका

भट्टू रोड स्थित सीमा संस्कार स्कूल के डायरेक्टर राघव बत्रा द्वारा गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने मृतक के माता-पिता, बहन सहित चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज किया है। मृतक की पत्नी ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। मृतक राघव बत्रा का शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक की पत्नी का आरोप है कि उसके पति की मेहनत से कामयाब किए गए स्कूल से पिता-बहन द्वारा बाहर करने, संपत्ति से बेदखल करने और अपनों द्वारा ही रेप के झूठे मामले में फंसाने की धमकियां मिलने से परेशान होकर राघव ने आत्महत्या की है। पुलिस को दी शिकायत में अंजली कालोनी निवासी प्रियंका बत्रा ने कहा है कि करीब 13 साल पहले उसकी शादी राघव बत्रा के साथ हुई थी। वह सीमा संस्कार स्कूल में प्रिंसीपल के पद पर कार्यरत थी। उसका पति राघव बत्रा स्कूल डायरेक्टर व संस्कार शिक्षा संगठन के सचिव था। उसकी ननद शिल्पा स्कूल में ऑफिस का कामकाज संभालती थी और स्कूल सोसायटी की मैम्बर थी। उसका ससुर वेदप्रकाश बत्रा इस सोसायटी के प्रधान व सास पुष्पा मैम्बर है। शीना की दखलअंदाजी से उजड़ गया परिवार।

### पुलिस कर्मियों के साथ बाप-बेटे ने की मारपीट

- केस दर्ज बेटा गिरफ्तार, पिता अभी गिरफ्त से बाहर

**हिसार।** उकलाना की दुर्गा कॉलोनी में झगड़ा छुड़वाने गई डायल 112 पुलिस टीम के कर्मचारियों के साथ शराबी बाप-बेटे ने मारपीट की और सरकारी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। यह भी आरोप है कि बाप-बेटे ने पुलिस कर्मचारियों को जान से मार देने की धमकी दी। बाप-बेटे की शिकायत पुलिस को की गई है। डायल 112 के कर्मचारी साहब राम ने उकलाना पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह टीम का इंचार्ज है। गुरुवार रात लगभग पौने 12 बजे डायल 112 पर राजकुमार नामक व्यक्ति की कॉल आई और उसने झगड़े की शिकायत की।

---

महेंद्रगढ़: स्कूल बस पर दूसरी नंबर प्लेट लगाकर प्रयोग करने का मामला

# स्क्रैप में बिकी हुई स्कूल बस पर लगाए दूसरी बस के नंबर, गिरफ्तार आरोपित रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

स्कूल बस पर दूसरी नंबर प्लेट लगाकर प्रयोग करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सतबीर वासी खातोद के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित को गांव खातोद से गिरफ्तार किया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बस को जब्त किया और मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने एक बस को स्क्रैप में बेच दिया था और दूसरी बस को कनीना से खरीदा था। स्क्रैप में बेची हुई बस के नंबर दूसरी बस पर लगाकर प्रयोग कर रहा था। पुलिस द्वारा आरोपित से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। सीआईए टीम गस्त के दौरान खातोद बस अड्डा पर मौजूद थी। उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक स्कूल बस खातोद की बणी में खड़ी है और इस बस के मालिक सतबीर वासी खातोद ने अपनी पुरानी बेची हुई बस के नंबर लगा रखे है। सूचना पर टीम तुरंत प्रभाव से बताए हुए स्थान पर पहुंची, जहां पर एक बस खड़ी मिली। बस के ऊपर बस मालिक के मोबाइल नंबर मिले, जिन पर संपर्क करके बस मालिक को मौके पर बुलाया गया, बस मलिका से बस के कागाजात पेश करने बारे कहा गया। सतबीर कोई कागजात पेश नहीं कर सका। बस के चेसिस नम्बर चैक किए तो मैच नहीं हुआ।


महेंद्रगढ़। पुलिस गिरिफ्त में आरोपित।

---

घर के कमरे का कुंडा व पेटी का ताला मिला टूटा

# यमुनानगर: बदमाशों ने लूट के इरादे से घर में घुसकर की ऑटो चालक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


मृतक कृष्णा

गांव खारवन में घर में लूट के इरादे से घुसे बदमाशों ने आंगन में सो रहे व्यक्ति के सिर पर चोट मारकर हत्या कर दी। मृतक ऑटो चलाने का काम करता था और पत्नी की मृत्यु के बाद घर पर अकेला रहता था। मृतक के घर में कमरे का कुंडा व पेटी का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ लूट व हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।


यमुनानगर। खारवन में हुई हत्या में जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव खारवन निवासी 65 वर्षीय कृष्णा उर्फ छोटू ऑटो चलाने का काम करता था। जांच के दौरान पता चला कि कृष्णा 2012 में पत्नी की मृत्यु के बाद घर पर अकेला रहता था। रात को वह अपने घर के आंगन में सोया हुआ था। शुक्रवार सुबह जब उसका भाई कृष्णा के घर पहुंचा तो उसने देखा कि वह चारपाई पर मृत पड़ा है। उसके सिर पर चोट के निशान है और सिर से खून बह रहा है। उसके भाई ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदर जगाधरी थाना प्रभारी अनंत राम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचा।

### आईएएस अधिकारी यश गर्ग होंगे पंचकूला के डीसी

**चंडीगढ़।** चुनाव आयोग ने पंचकूला डीसी के लिए 2009 बैच के आईएएस अधिकारी यश गर्ग के नाम पर मोहर लगा दी है। अब पंचकूला की जिम्मेदारी बतौर उपयुक्त गर्ग ही संभालेंगे। शुक्रवार शाम को आयोग की ओर से सरकार के पास पैनल की फाइल भेज दी गई। जल्द ही सरकार की ओर से गर्ग की नियुक्ति के आदेश जारी किए जाएंगे। पंचकूला डीसी के लिए 2009 बैच के यश गर्ग, पंकज और मनीराम का नाम का पैनल चुनाव आयोग को भेजा गया था। वर्तमान में यश गर्ग एचएसआईडीसी में प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात है। डीसी की नियुक्ति को लेकर मुख्य सचिव कार्यालय में तीन दर्जन से ज्यादा नामों की सूची तैयार की गई थी।

---

# सुहागन की बना दी विधवा पेंशन, दलाल डेढ़ साल तक महिला का शोषण करता रहा

महिला आयोग की चेयरपर्सन ने खुलासा किया, बेटी पर नजर डाली तो बात बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

फरीदाबाद में अधिकारियों और दलालों की मिलीभगत का एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। एक महिला के पति के जिंदा रहते हुए दलाल ने महिला की विधवा पेंशन बनवा दी। इसके बाद लगभग डेढ़ साल तक महिला का शारीरिक शोषण करता रहा। बाद में दलाल की नजर महिला की बेटी पर गई, तो उनमें अनबन हो गई। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने महिला को फर्जी कागजातों से विधवा पेंशन लेने का डर दिखा कर उसे ब्लैकमेल किया। उससे पेंशन कटवाने के नाम पर लाखों रुपए की डिमांड कर दी। महिला ने इसकी शिकायत महिला आयोग से की। शुक्रवार को आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने इस मामले का खुलासा किया है। आयोग की चेयरपर्सन ने कहा कि हैरानी की बात है कि महिला को करीब डेढ़ साल तक यह नहीं मालूम था कि उसकी विधवा पेंशन बनी हुई है। विधवा पेंशन बनवाने के लिए पति का डेथ सर्टिफिकेट जरूरी होती है। अब सवाल उठता है कि उन्होंने पति के जिंदा रहते हुए कैसे एक महिला की विधवा पेंशन बनवा दी।

### बेटी की पेंशन बनवानी थी, मां की बना दी

> हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि आज वह फरीदाबाद में छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, पति-पत्नी के बीच वाद-विवाद के मामलों को सुनवाई कर रही थीं। इसी दौरान महिला के साथ विधवा पेंशन के नाम पर धोखा करने का मामला आया। केस को समझा गया तो मालूम हुआ कि पीड़ित महिला को लाड़ली योजना के तहत अपनी बेटी की पेंशन बनवानी थी, लेकिन महिला की विधवा पेंशन बना दी गई।

### आईपीएस अफसर ने इनोवा नहीं मिलने पर नाराजगी जताई

**चंडीगढ़।** हरियाणा के 2001 बैच आईपीएस अफसर एवं आईजी वाई पूरन कुमार अपनी 7 साल पुरानी होंडा सिटी कार को लेकर परेशान हैं। उन्होंने नई इनोवा क्रिस्टा कार नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है। नाराज पुलिस ऑफिसर ने पुलिस विभाग द्वारा आवंटित की गई अपनी कार वापस कर दी है। उन्होंने मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद को पत्र लिखकर आईपीएस ऑफिसर्स को ऑफिशियल व्हीकल के अलाटमेंट सिस्टम पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पत्र में लिखा है कि वह वाहन (होंडा सिटी) उस रैंक के मानक के अनुरूप नहीं था, जिसके वह हकदार थे।

---


दीपक के नहीं खेल पाने से परिजन व कुश्ती प्रेमी दुखी

# बरसात के चलते दुबई में फंसने के कारण एशियन क्वालीफायर नहीं खेल पाए पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पेरिस ओलंपिक नजदीक है। तमाम देशों के खिलाड़ी तैयारी के लिए पसीना बना रहे हैं। इसी बीच भारतीय कुश्ती की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। ओलंपियन दीपक और सुजीत कलकल को शुक्रवार से किर्गिस्तान में शुरू हुई एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर प्रतियोगिता में खेलने का मौका नहीं मिला।

दरअसल, ये दोनों खिलाड़ी ट्रेनिंग के लिए रूस गए हुए थे। दुबई के रास्ते इन्हें किर्गिस्तान जाना था। दुबई में बारिश के कारण दो दिन तक फंसे रहे। हालांकि बाद में जैसे-तैसे फ्लाइट के जरिये शुक्रवार की सुबह किर्गिस्तान पहुंचे लेकिन तब तक वजन मापने की प्रक्रिया चालू हो गई थी। इसलिए आयोजकों ने इनको खेलने का मौका नहीं दिया। इस घटनाक्रम से न केवल दोनों पहलवान बल्कि उनके परिजन, कोच व कुश्ती प्रेमी भी दुखी हैं। बता दें कि दीपक पूनिया झज्जर जिले के गांव छारा से है। अपने वर्ल्ड में वर्ल्ड चैंपियन रह चुका है और टोक्यो ओलंपिक में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुका है। भारतीय कुश्ती को पेरिस ओलंपिक में दीपक से बेहद उम्मीदें हैं। अब ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए दीपक को अगले महीने होने वाले वर्ल्डकप में जीत करनी होगी। दीपक को कुश्ती की एबीसीडी सिखाने वाले गुरु आर्य वीरेंद्र ने कहा कि दीपक और सुजीत दोनों ही जबरदस्त पहलवान हैं। अगर क्वालीफायर खेलते तो यकीनन जीत दर्ज करते। ये दोनों दो दिन से दुबई में फंसे हुए थे। आधे घंटे देरी से आयोजन स्थल पर पहुंचे। ऐसे हालात पहलवानों की मानसिकता पर बुरा असर डालते हैं। सभी दुखी जरूर हैं लेकिन उम्मीदें अभी खत्म नहीं हुई हैं। हमें पूरा यकीन है कि अगले महीने वर्ल्ड क्वालीफायर में ये दोनों पहलवान जीत दर्ज कर ओलंपिक कोटा हासिल करेंगे और पेरिस ओलंपिक में देश का परचम लहराएंगे।



### पांच हजार रुपये रिश्वत लेता बिजली लाइनमैन गिरफ्तार

- जुर्माने की रकम कम कराने के लिए मांगा रुपये

**फरीदाबाद।** पांच हजार रुपए कर रिश्वत लेते एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बिजली विभाग के एक लाइनमैन को गिरफ्तार किया है। उक्त लाइन मैन बिजली चोरी के जुर्माने की राशि कम करने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। उसके खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बल्लभगढ़ स्थित भगत सिंह कॉलोनी में बिजली विभाग की टीम ने कुछ समय पहले सतविंदर चौधरी के यहां छापेमारी की थी। बताया जाता है कि विभाग के कर्मचारियों ने चौधरी पर बिजली चोरी करने का आरोप लगाकर भारी भरकम जुर्माना लगाया था। जुर्माने की रकम कम कराने के लिए शिकायतकर्ता ने बदरौला सब डिवीजन पर तैनात लाइनमैन राकेश तेवतिया से संपर्क किया। आरोप है कि बिजली लाइनमैन राकेश तेवतिया ने शिकायतकर्ता से करीब दस हजार की रकम मांगी थी लेकिन सौदा पांच हजार में तय हो गया। जिसके बाद सतविंदर चौधरी ने ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से कर दी। एसीबी की टीम ने योजना बनाकर रंगे हाथ पकड़ लिया।



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 7 | 2 | 5 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप



### पाक और न्यूजीलैंड टी20 बारिश में धुला

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी टल गई क्योंकि पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पहला टी20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। न्यूजीलैंड का स्कोर उस समय एक विकेट पर दो रन था जब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। शाहीन शाह अफरीदी ने न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण कर रहे टिम रॉबिनसन को बोल्ड कर दिया था। बारिश के कारण मैच प्रति टीम पांच ओवर का कर दिया गया था लेकिन दो ही गेंद डाली जा सकी। टॉस भी हल्की बूंदाबांदी के कारण आधा घंटे देर से हुआ।

### धाविका शालू को डोपिंग ओराप से क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधी एजेंसी की अपील पैनल ने मध्यम दूरी की धाविका शालू चौधरी को डोपिंग के आरोपों से बरी करके चार साल का प्रतिबंध हटा दिया है क्योंकि डीएनए टेस्ट में पता चला कि उनके मूत्र के नमूने से या तो छेड़छाड़ की गई या लेते समय वह दूषित हो गया था। तीस वर्ष की चौधरी पर पिछले साल प्रतिबंध लगाया गया था और वह नाडा की अनुशासन समिति के सामने अपील हार गई थी। उन्हें दो प्रतिबंधित दवाओं के कथित इस्तेमाल के कारण प्रतिबंध झेलना पड़ा था।

### पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना



**मुल्लांपुर।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में पंजाब किंग्स पर नौ रन की रोमांचक जीत के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया।

## आईपीएल: क्रुणाल को दो विकेट, लखनऊ की चौथी जीत

# राहुल व डी कॉक के अर्धशतक चेन्नई को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ लखनऊ



लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में चौथी जीत हासिल कर ली है। टीम ने अपने होमग्राउंड पर चेन्नई सुपर किंग्स को 8 विकेट से हराया। मौजूदा सीजन में यह लखनऊ की लगातार दो हार के बाद पहली जीत है, जबकि चेन्नई लगातार दो मैच जीतने के बाद हार मिली है। लखनऊ में होस्ट टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 176 रन बनाए। 177 रन का टारगेट लखनऊ ने 19 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। निकोलस पूरन 23 और मार्कस स्टोयनिस 8 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान केएल राहुल ने 53 बॉल पर 82 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि क्विंटन डी कॉक ने 54 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच 134 रन की शतकीय साझेदारी हुई। सीएसके से मुस्तफिजुर रहमान और मथीश पथिराना को एक-एक विकेट मिला।सीएसके की ओर से रवींद्र जडेजा ने 40 बॉल पर नाबाद 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि अजिंक्य रहाणे ने 36 रन का योगदान दिया। पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 2 चौके और 2 छक्के के सहारे 9 बॉल पर नाबाद 28 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या को 2 विकेट मिले। मोहसिन खान, यश ठाकुर और मार्कस स्टोयनिस को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले रविंद्र जडेजा के जुझारू नाबाद अर्धशतक से चेन्नई सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ छह विकेट पर 176 रन बनाए।

## पंत की भावुक घर वापसी, दिल्ली के सामने हैदराबाद की कठिन चुनौती





**नई दिल्ली।** अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिए यह बेहद भावुक पल होगा। पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आए थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है। दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूर्नामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा।

## कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश को फिर बढ़त प्रज्ञानानंदा और गुजराती दौड़ से बाहर

एजेंसी ▸▸ टोरंटो



भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अजरबैजान के निजात अबासोव को हराकर कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त बना ली लेकिन आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती 12वें दौर के बाद दौड़ से बाहर हो गए।

अमेरिका के हिकारू नकामूरा ने फ्रांस के फिरोज अलीरजा को हराया। गुकेश और नकामूरा अब रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि के साथ शीर्ष पर है जिन्होंने प्रज्ञानानंदा से ड्रॉ खेला। इन तीनों के 7.5 अंक हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारुआना उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा छह अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं जबकि गुजराती के पांच अंक हैं। आठ खिलाड़ियों के दोहरे राउंड रॉबिन टूर्नामेंट के दो दौर बाकी हैं और उनके लिए शीर्ष तीन में जगह बनाना नामुमकिन है। अलीरजा और अबासोव के 4.5 अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा से ड्रॉ खेला।

## ठोस नींव तैयार कर रहा हॉकी इंडिया



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व गोलकीपर भरत छेत्री ने जमीनी स्तर पर ड्रैग फ्लिकरों और गोलकीपरों को तैयार करने पर जोर देने के लिए शुक्रवार को हॉकी इंडिया की तारीफ की। छेत्री समेत भारत के पूर्व गोलकीपर और ड्रैग फ्लिकर देश भर में राष्ट्रीय अकादमियों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का संचालन करेंगे। छेत्री ने कहा, 'भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए जमीनी स्तर पर निवेश बहुत जरूरी है। गोलकीपरों और ड्रैग फ्लिकरों के लिए विशेष ट्रेनिंग के जरिए हॉकी इंडिया इन भूमिकाओं के लिए विश्व स्तरीय प्रतिभाओं के उदय होने की ठोस नींव तैयार कर रहा है।'

## क्वालीफायर नहीं खेल सकेंगे पूनिया, सुजीत

*नई दिल्ली। बिश्केक में एशिया ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय कुश्ती दल को करारा झटका लगा क्योंकि देश के दो सर्वश्रेष्ठ पहलवान दीपक पूनिया और सुजीत कलाकल समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूर्नामेंट नहीं खेल सकेंगे।*



*दुबई में खराब मौसम के कारण उनकी फ्लाइट देर से बिश्केक पहुंची। भारी बारिश और बाढ़ के कारण दोनों दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे रहे और वजन कराने के समय पर नहीं पहुंच सके। सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी।*

## पीएम मोदी ने क्रिकेटर शमी को याद किया

एजेंसी ▸▸ अमरोहा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां चुनावी रैली के दौरान भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को याद किया जो घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर हैं। लोकसभा चुनाव में अमरोहा में भाजपा के करन सिंह तंवर का मुकाबला कांग्रेस गठबंधन के दानिश अली से हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अमरोहा की रैली में कहा, ''क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाई मोहम्मद शमी ने जो कमाल किया, वह पूरी दुनिया ने देखा हैं। खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार ने भाई मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार दिया हैं। योगी जी की सरकार दो कदम आगे बढ़ी हैं। योगी जी यहां के युवाओं के लिए स्टेडियम भी बनवा रहे हैं । मैं अमरोहा के लोगों को इसकी बहुत बहुत बधाई देता हूं।' गौरतलब हैं कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अमरोहा के ही रहने वाले हैं।

## 25 मीटर पिस्टल में शीर्ष पर रहे खिलाड़ी

# ईशा, भावेश ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** ईशा सिंह ने शुक्रवार को यहां ओलंपिक चयन ट्रायल के पहले दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भावेश शेखावत पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल वर्ग में शीर्ष पर रहे। ईशा ने महिलाओं की स्पोर्ट पिस्टल 'टी1' क्वालीफिकेशन में प्रिसिजन और रैपिड-फायर राउंड में कुल 585 का स्कोर किया, जिससे वह दूसरे स्थान पर काबिज सिमरनप्रीत कौर बराड़ से दो अंक आगे रहीं। डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में मनु भाकर (582) तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि अभिज्ञान पाटिल (577) और रिदम सांगवान (574) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।





**आज फिर देंगे चुनौती**

*पुरुषों की रैपिड-फायर पिस्टल में भावेश (580) ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में देश के लिए कोटा हासिल करने वाले विजयवीर सिद्धू (579) और अनीश (578) का प्रदर्शन भी बेहतर रहा लेकिन आदर्श सिंह (572) और अंकुर गोयल (564) उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। सभी 10 निशानेबाज फाइनल शनिवार को फाइनल में फिर से चुनौती पेश करेंगे। हर वर्ग में पांच दावेदारों के बीच सर्वश्रेष्ठ स्कोर वाले शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस के लिए क्वालीफाई करेंगे।*

### अभ्यास में चल रहे हैं पीछे, पता नहीं ओलंपिक कौन जाएगा

महान पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा ने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजी दल के ऐलान में देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे चयनित निशानेबाजों को तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा। अमेरिका और इटली समेत कई देशों और यूरोपीय दिग्गजों ने टीमों का ऐलान कर दिया है। उनके निशानेबाज अभ्यास में जुट गए हैं। भारत में शीर्ष पांच पिस्टल और राइफल निशानेबाज अगले एक महीने तक चयन ट्रायल में भाग लेंगे जो 19 अप्रैल से 19 मई तक चलेगा।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं।**

क) **स्टॉल**: हज़रत निज़ामुद्दीन, समालखा, सोनीपत और गन्नौर स्टेशनों पर।
ख) **ट्राली** : जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मनसा, बादली, पालम, दिल्ली सफरदजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, परतापुर, देवबंद, टपरी और जुलाना स्टेशनों पर।
- मेरठ कैंट, सब्जी मंडी, बहादुरगढ़ और पलवल स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1,2 और 3 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (पालम और गन्नौर), NSG 5 (जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मनसा, टपरी, जुलाना, समालखा, बादली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफरदजंग) & NSG 6 (परतापुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित है:–

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य /केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड) /राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित /पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड़.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नही की जाएगी।
- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 26.04.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023. पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 1180/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 90 दिनांक 15.04.24 धारा 346 IPC थाना आर्य नगर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – शान्ता देवी
**पिता/पति का नाम**– पत्नी श्री राम आसरा नागपाल
**पता**– डी.एल.एफ कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**– 75-80 वर्ष
**कद**–4 फुट 6 ईंच
**हुलिया**– रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल, काली आंखे। हाथ में कपड़ों की गठड़ी व स्टील की स्टीक है।
**पहनावा**– हरे नीले रंग के कपड़े पहने हुए है व पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 15.04.24 को शान्ता देवी पत्नी राम आसरे नागपाल निवासी डी.एल.एफ कालोनी थाना आर्य नगर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक- 7082999118
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आर्य नगर रोहतक-8901871499

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 115 दिनांक 15.04.24 धारा 346 IPC थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – मिथलेश
**पिता/पति का नाम** – पत्नी राजेश
**पता**– किराएदार 686/10 राम गोपाल कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**– 26 वर्ष
**कद**–5 फुट
**हुलिया**– रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे। अनपढ़ है
**पहनावा**– नीले रंग की साडी पहने हुए व पैरों में चप्पल पहने हुए है
दिनांक 15.04.24 को मिथलेश पत्नी राजेश किराएदार 686/10 राम गोपाल कालोनी जिला रोहतक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक, बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 7082999122
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक- 9991414246

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 102 दिनांक 16.04.24 धारा 346 IPC थाना सदर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – गिन्नी
**पिता/पति का नाम** – पुत्री राफूल
**पता** – गांव खिड़वाली जिला रोहतक।
**उम्र**– 20 वर्ष
**कद**– 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**– रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे,।
**पहनावा** – गुलाबी रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 16.04.24 को गिन्नी पुत्री राफूल निवासी गांव खिड़वाली थाना सदर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9813989995

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 222 दिनांक 16.04.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – रोशन
**पिता/पति का नाम** – पुत्र शंकर श्री वास्तव
**पता**– नजदीक शिव मन्दीर अमृत कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**– 16 वर्ष
**कद**– 5 फुट 2 ईंच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे,।
**पहनावा** – जीन्स टी शर्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 16.04.24 को रोशन पुत्र शंकर श्री वास्तव निवासी नजदीक शिव मन्दीर अमृत कालोनी थाना शिवाजी कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7015911371
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9467508332

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 158 दिनांक 17.04.24 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** – मोनिया
**पिता/पति का नाम** – पुत्री सतमेर
**पता**– गांव खरकड़ा जिला रोहतक।
**उम्र**– 18 वर्ष
**कद**– 5 फुट 2 इंच
**हुलिया**– रंग गोरा, गोल चेहरा, सामान्य शरीर, काले बाल काली आंखे,।
**पहनावा** – बैंगनी रंग का सूट सलवार व पैरों में हिल वाले सैण्डल पहने हुए है।
दिनांक 14.04.24 को मोनिया पुत्री सतमेर निवासी गांव खरकड़ा जिला रोहतक थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9467793994

पीआरडीएच-1084/11/2297/2025/26139/88/6 दि. 19.04.24

चिंतन

# पहले चरण के चुनाव में वोटरों में दिखा उत्साह

आम चुनाव के पहले चरण का मतदान छिटपुट हिंसा को छोड़ दें तो शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। पहले चरण में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई। चुनाव को लेकर मतदाताओं में खास उत्साह देख गया, शाम पांच बजे तक औसत 60 फीसदी मतदान हुआ, अंतिम आंकड़े के 70 फीसदी पार जाने की संभावना है। पश्चिम बंगाल व कश्मीर में उम्मीद से अधिक वोटिंग हुई है। कश्मीर में वोटिंग बढ़ने का मतलब है कि लोग वहां विकास कार्यों को सकारात्मक रूप में ले रहे हैं और वहां हो रहे विकासात्मक व सिस्टमैटिक बदलाव को साफ महसूस कर रहे हैं। पहले चरण में चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं सामने आईं, वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। यह बहुत दुःखद है। चुनाव आयोग ने मुस्तैदी से चुनाव की तैयारी की है। चुनाव का शेडयूल जरूर लंबा है और उबाऊ है, लेकिन आयोग का मकसद शांतिपूर्ण मतदान है। पहले चरण में तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) में सभी लोकसभा सीटों पर मतदान पूर्ण हो गया। अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम की सभी विधानसभा सीटों पर भी चुनाव संपन्न हो गया। यूं तो अभी चुनाव शुरू हुआ है, लेकिन चुनाव आयोग को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि चुनाव के दिन, बिना चुनाव वाले क्षेत्र में किसी भी प्रकार की रैली, चुनावी सभा, राजनीतिक बयानबाजी आदि पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। केंद्रीय चुनाव आयोग को अपनी आचार संहिता के दायरे को बड़ा करते हुए यह सख्त नियम बनाना चाहिए कि चुनाव के दिन अन्य किसी भी हिस्से में चुनाव प्रचार न चले।। ऐसे चुनाव प्रचार वोटिंग कर रहे मतदाताओं को ध्यान में रखकर ही किए जाते हैं। यह परिपाटी देश में पिछले कई चुनावों से चल रही है। या तो देश में एक डेट में चुनाव हो, या कम से कम चरणों में कम से कम अंतराल पर चुनाव हो। विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान करने वालों में विवाह परिधान में आए कई नवविवाहित जोड़े, दिव्यांग लोग और स्ट्रेचर तथा व्हीलचेयर पर आए कुछ बुजुर्ग शामिल थे। तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और असम में कुछ बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में मामूली खामियों की शिकायत आई। नगालैंड के छह जिलों में सन्नाटा पसरा रहा जहां अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ द्वारा अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे। हिंसा प्रभावित मणिपुर में मतदान करीब-करीब शांतिपूर्ण रहा। मणिपुर में कुछ स्थानों पर ईवीएम को नुकसान पहुंचाए जाने की भी खबरें आईं। पहले चरण में 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस बीच, ईवीएम पर चल रही विपक्ष की राजनीति के बीच केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक बार फिर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़ी आशंकाओं को खारिज कर दिया। आयोग ने स्पष्ट कहा कि सबका वोट सुरक्षित है, ईपीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं क्योंकि बड़ी मात्रा में तकनीकी, प्रशासनिक और प्रक्रियात्मक सुरक्षा मानक अपनाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला है, लोगों को फैसले का इंतजार है। पूर्व में कई बार ईवीएम की तकनीकी दक्षता के प्रमाण दिए जा चुके हैं। ईवीएम के तकनीकी पक्ष पर बहस समाप्त होनी चाहिए।

सियासत
योगेश कुमार सोनी



# कांग्रेस-आप अपनी अपनी डफली

आम आदमी पार्टी की मुसीबतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। पहले से ही पार्टी के चोटी के नेता जेल में थे तो कुछ दिन पहले पार्टी के संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जेल गए। अभी पार्टी इस हादसे से उभरी भी नही थी कि बीते बुधवार पटेल नगर से विधायक राजकुमार आनंद ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और इसके बाद उन्होंने पार्टी भी छोड़ दी। उन्होंने इस्तीफा देते हुए पार्टी पर भ्रष्टाचार को लेकर कई तरह के सवाल उठा दिए। इन सब मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भाजपा पर सवालिया निशान उठाते हुए जुलूस निकाल रहे हैं। बीते कुछ दिनों से आम आदमी पार्टी के साथ कुछ ऐसा हुआ कि उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। दिल्ली लोकसभा की सात सीटों पर आम आदमी पार्टी का 4 व कांग्रेस का 3 सीटों के आधार पर बंटवारा हुआ है, लेकिन जैसे ही केजरीवाल जेल गए कांग्रेस ने आंतरिक तौर पर आप से किनारा कर लिया। दरअसल मामला यह है कि आम आदमी पार्टी के नेता कांग्रेस से विरोध प्रदर्शन के लिए कांग्रेस का समर्थन मांग रहे हैं, जिस पर कांग्रेस ने स्पष्ट मना कर दिया। बीते सोमवार एक कांग्रेस नेता प्रदर्शन में शामिल भी हुए, लेकिन जैसे ही इसकी खबर बड़े पद पर आसीन नेताओं को मिली तो उन नेता जी को बहुत फटकार पड़ी। इसके अलावा कई नेताओं से संपर्क किया, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने अपनी व्यथा बताते हुए दूरी बना ली। पूर्वी दिल्ली में आप व कांग्रेस की नोक-झोंक भी होती दिखी लेकिन समय रहते स्थिति को संभाल लिया। देखा जा रहा है कि पूरी दिल्ली में हो रहे प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के साथ कहीं भी कांग्रेस खड़ी नजर नही आ रही। इस घटना से दोनों में भारी द्वंद्वता बढ़ती जा रही है, लेकिन गठबंधन के चलते खुलकर विरोध भी नहीं कर सकते। यदि परिस्थितियां ऐसी ही रही हो तो चुनावी समय में वो ऊर्जा नहीं दिखेगी जिस आधार पर गठबंधन हुआ था। ऐसी परिस्थिति से यह तो तय हो रहा है कि यदि गठबंधन द्वारा इन दोनों पार्टियों की कुछ सीटें आ भी गई तो वह चुनाव के बाद तुरंत अलग हो जाएंगे। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी एक दूसरे की प्रतिद्वंद्वी पार्टी हैं। दोनों दलों ने हमेशा एक-दूसरे का जमकर विरोध किया है। फिलहाल में दिल्ली की स्थिति को समझना होगा कि यदि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के संदर्भ में चर्चा करें तो आंतरिक तौर पर कांग्रेस खुश है, जो कि उसका बनता भी है चूंकि केजरीवाल ने यदि किसी को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया तो वह कांग्रेस है। दिल्ली में केजरीवाल का जितना वोट बैंक है वह सारा कांग्रेस का है। हाल ही में आम आदमी पार्टी के सभी चोटी के नेता जेल में हैं और प्रचार करने व अपनी बात रखने के लिए कोई बड़ा नेता जनता के बीच मौजूद नही हैं तो इससे कांग्रेस भरपूर फायदा उठा सकती है और दिल्ली के कुछ इलाकों में इसकी शुरूआत भी हो चुकी है, लेकिन कांग्रेस को नुकसान भी देखने को मिल रहा, चूंकि इस बार दोनों गठबंधन में उतरी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का बंटवारा हुआ है, तो फाइट में कांग्रेस के पास कुछ बड़ा करने के लिए नही हैं। हां, लेकिन आगामी चुनाव पर आंतरिक तौर पर कांग्रेस अपने पुराने वोटरों को जोड़ने में जुट जरूर गई है। आम आदमी पार्टी चारों ओर से घिर चुकी है। हालांकि डूबते को तिनके के सहारे वाली तर्ज पर संजय सिंह का जेल से रिहा होना पार्टी को कुछ ऊर्जा तो दे रहा है,लेकिन इतने बडे चुनाव में वह अकेले किला जीतने के सार्थक नहीं माने जा सकते है। भारतीय राजनीति में गठबंधन का कोई नियम नहीं होता चूंकि सब अपनी जीत के लिए किसी से भी गठबंधन कर लेते हैं, लेकिन आज सोशल मीडिया का दौर है लोगों के पास पुरानी वीडियो सुरक्षित रहते हैं और जैसे ही कोई मौका आता है वह सारे वीडियो सोशल मीडिया पर दिखने लगते हैं। टिकाऊ की नहीं बस जिताऊ की तर्ज पर गठबंधन बनने लगा। यदि दशकभर पुरानी राजनीति को देखा जाए तो वह दोनों दल जो साथ जुड़े होते थे। गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता एक-दूसरे को अपना समझते थे। खेल का अब गुणवत्ताओं से कोई लेना-देना नहीं, जिसको जनता भी भली भांति समझ रही है। बहरहाल, कुछ बेसिक मानक यह कहते हैं कि जिसके साथ आप जब तक जुड़े हो तब तक तो साथ दो अन्यथा इससे क्षति एक तरफ नहीं बल्कि दोनों तरफ होने की संभावना बनी रहती है। लोकसभा चुनाव को लेकर समझें तो दिल्ली में वोट बैंक को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला बना रहता है। प्रथम बीजेपी, दूसरा स्थान आम आदमी पार्टी व तीसरे नंबर पर कांग्रेस रहती है। दोनों विपक्षी दलों ने इस बार घेरने का प्रयास तो भरपूर किया है लेकिन केजरीवाल के जेल जाने से सारे समीकरण बिगड़ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



तैयारी
डॉ. एल. एस. यादव

# हाईवे बनेंगे वायु सेना के रनवे

हाईवे पर रनवे सबसे पहले द्वितीय विश्व युद्ध के समय जर्मनी में बनाया गया था। इसके बाद उत्तरी कोरिया, ताईवान, स्वीडन, फिनलैंड, स्विटजरलैंड, पोलैंड एवं चेकोस्लावाकिया में बनाए गए। स्वीडन में पहला रनवे 1949 में शुरू हो गया था। सन 1967 में मिस्र के साथ युद्ध में जिस तरह इसका इस्तेमाल हुआ उससे इस व्यवस्था को और बढ़ावा मिला। पोलैंड ने अपने यहां सन 2003 में हाईवे स्ट्रिप तैयार की थी। ऑस्ट्रेलिया में हाईवे के कई हिस्सों को रनवे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण कोरिया में भी हाईवे रनवे बनाए जा चुके हैं। अब भारत भी इस श्रेणी में आ गया है।

चीन व पाकिस्तान की समरतांत्रिक चालों में बदलाव के कारण भारत की सामरिक तैयारी यही है कि युद्ध की स्थिति में वह दोनों मोर्चों पर निपट सके। इसके लिए वायु सेना उन हाईवे को रनवे के रूप आजमा रही है, जो युद्ध की स्थिति में काम आ सकें। देश के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से वायु सेना ऐसे कदम उठा रही है। इसी क्रम में वायु सेना ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहड़ा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की साढ़े तीन किलोमीटर लंबी आपातकालीन हवाई पट्टी का रनवे के रूप में इस्तेमाल करते हुए लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों व हेलीकॉप्टर उतारकर नौ ट्रायल परीक्षण किए। ये परीक्षण दो अप्रैल 2024 को अलसुबह 03.45 बजे से लेकर 04.30 बजे के बीच सूरज उगने से पहले सम्पन्न किए गए। इन परीक्षणों के समय हवाई पट्टी के दोनों किनारों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया था।

जम्मू-कश्मीर में इस तरह का यह पहला अभ्यास था। भोर के वक्त सन्नाटे को चिनूक हेलीकॉप्टर, एमआई-17 हेलीकॉप्टर एवं एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर की गर्जनाओं ने भंग कर दिया। इन श्रेणी के पांच हेलीकॉप्टर जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की आपातकालीन हवाई पट्टी पर उतरे और कुछ समय बाद आसमान में उड़ गए। थोड़ी देर बाद वे पुनः रनवे के ऊपर मंडराने लगे। देखते ही देखते हवा में रहते हुए इनमें सवार सैनिक नीचे उतर आए। इसी बीच एक हेलीकॉप्टर से रस्सियों की मदद से सैनिक साजो-सामान नीचे सड़क पर उतारा गया। इसके बाद बिना देर किए एक अन्य हेलीकॉप्टर ने इस सामान को ऊपर खींच लिया। इस तरह वायु सेना ने आपातकालीन परिस्थितियों या यूं कहिए कि पाक या चीन से लड़ाई के समय शत्रु से निपटने की अपनी सैन्य तैयारियों का आकलन किया। रनवे पर लैंडिंग व अन्य तैयारियों के इन ट्रायल परीक्षणों में करीब ढाई घंटे का समय लगा। विदित हो कि पाकिस्तान और चीन की समरतांत्रिक चालों और यौद्धिक स्थितियों से मुकाबले को ध्यान में रखकर ही अनंतनाग के बिजबेहड़ा हाईवे पर इस हवाई पट्टी का निर्माण किया गया है। पाकिस्तान या चीन के खिलाफ इस हवाई पट्टी से वायु सेना के लड़ाकू विमानों को उड़ान भरने में मुश्किल से एक या डेढ़ मिनट का समय लगेगा। कहने का तात्पर्य यह है कि अत्यन्त कम समय में भारतीय वायु सेना के फाइटर विमान शत्रु के विमानों का मुकाबला करेंगे। उड़ान भरने के बाद मात्र तीन मिनट में ये पाकिस्तानी सीमा पर और पांच मिनट में पूर्वी लद्दाख में चीन सीमा पर पहुंच जाएंगे। इस तरह यह समझा जा सकता है कि हम कितनी जल्दी मुहंतोड़ जवाब देने लायक बन गए हैं। इस अभ्यास के बाद जम्मू-कश्मीर आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा वाला देश का पहला केन्द्र शासित प्रदेश बन गया है। वर्तमान में आपातकालीन लैंडिंग की सुविधा देश के तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश एवं राजस्थान में उपलब्ध है। इस अभ्यास में अमेरिका निर्मित चिनूक हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया। चिनूक को हाल ही में वायु सेना में शामिल किया गया है। इस ट्रायल परीक्षण में दो चिनूक



हेलीकॉप्टर, रूस निर्मित एक एमआई-17 और दो उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर जम्मू-श्रीनगर के राष्ट्रीय राजमार्ग के वानपोह-संगम मार्ग पर उतरे थे। यह राजमार्ग कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। इस हवाई पट्टी का निर्माण 119 करोड़ रुपये की लागत से वर्श 2020 में शुरू हुआ था। इस हवाई पट्टी का रणनीतिक उद्देश्यों के साथ-साथ प्राकतिक आपदाओं के दौरान बचाव तथा राहत कार्यों के लिए भी किया जा सकेगा।

इस अभ्यास में जिस चिनूक हेलीकॉप्टर को शामिल किया गया उसका उपयोग भारी वजन उठाने के लिए किया जाता है। इस हेलीकॉप्टर की उड़ान की अधिकतम गति 130 किलोमीटर प्रति घंटा है। इसके मुख्य केबिन में करीब तीन दर्जन पूर्णतया सुसज्जित सैनिक बैठ सकते हैं। इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल चिकित्सकीय कार्यों के लिए भी किया जा सकता है। इस कार्य के लिए इसमें दो दर्जन के लगभग स्ट्रेचरों को समायोजित किया जा सकता है। जो एमआई-17 हेलीकॉप्टर इस परीक्षण में शामिल था उसमें भी लगभग तीन दर्जन सैनिकों के बैठने की व्यवस्था है। यह हेलीकॉप्टर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है। यह दो इंजनों वाला पूर्ण रूप से स्वदेशी हेलीकॉप्टर है। इसका अधिकांश उपयोग घायल सैनिकों को निकालने और उन्हें सुरक्षित जगह पर पहुंचाने के लिए तथा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्यों में किया जाता है। इसी तरह 8 अप्रैल 2024 को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से मात्र 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पहली एयर स्ट्रिप पर वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने हुंकार भरी। यह अवसर था वायु सेना के तीन दिवसीय अभ्यास के बाद हवाई पट्टी के हैंड ओवर का। इस कारण इस हवाई पट्टी पर वायु सेना ने 6 अप्रैल को ही अपना डेरा डाल दिया था। अभ्यास के तहत आठ अप्रैल को इस हवाई पट्टी पर 9.45 बजे पहला तेजस लड़ाकू विमान टच एंड गो करवाकर उतारा गया। इसके बाद जगुआर लड़ाकू विमान व सी-295 तथा एएन-32 जैसे परिवहन विमान उतारे गए। यह अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह हवाई पट्टी राजस्थान राज्य के बाड़मेर में नेशनल हाईवे-925 ए पर बनी इमरजेंसी लैंडिंग फील्ड है। विदित हो कि सामरिक रूप अत्यन्त महत्वपूर्ण इस हवाई पट्टी का लोकार्पण 9 सितम्बर 2021 को किया था। इसका उद्घाटन परिवहन विमान सी-130 जे हरक्यूलिस की आपातकालीन लैंडिंग अभ्यास से किया गया। जिस समय ये इमरजेंसी लैंडिंग ड्रिल हुई उस समय सी-130 जे हरक्यूलिस परिवहन विमान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी एवं सीडीएस जनरल विपिन कुमार रावत सवार थे। इस दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस.भदौरिया भी वहां उपस्थित थे। दोनों मंत्रियों के सामने सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान, सैन्य परिवहन विमान एएन-32 और एमआई-17 वी हेलीकॉप्टर ने आपातकालीन लैंडिंग की थी। उद्घाटन के पश्चात रक्षा मंत्री ने कहा था कि अब देश की सामरिक जरूरतों के हिसाब से यह नया प्रयोग रणनीतिक क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। तब उन्होंने जानकारी दी थी कि देश में ऐसी ही 20 हवाई पट्टियां और बनाई जाएंगी। इन्हीं को अब तेजी से पूरा किया जा रहा है।

हाईवे पर रनवे सबसे पहले द्वितीय विश्व युद्ध के समय जर्मनी में बनाया गया था। इसके बाद उत्तरी कोरिया, ताईवान, स्वीडन, फिनलैंड, स्विटजरलैंड, पोलैंड एवं चेकोस्लावाकिया में बनाए गए। स्वीडन में पहला रनवे 1949 में शुरू हो गया था। सन 1967 में मिस्र के साथ युद्ध में जिस तरह इसका इस्तेमाल हुआ उससे इस व्यवस्था को और बढ़ावा मिला। पोलैंड ने अपने यहां सन 2003 में हाईवे स्ट्रिप तैयार की थी। ऑस्ट्रेलिया में हाईवे के कई हिस्सों को रनवे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। दक्षिण कोरिया में भी हाईवे रनवे बनाए जा चुके हैं। अब भारत भी इस श्रेणी में आ गया है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# लोकहित में त्याग करने वाले ही बनते हैं संत



संकलित
दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।


# सुख-दुख आते-जाते रहेंगे, भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**उचित खानपान और जीवन शैली लिवर रखेगी दुरुस्त**


19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को लिवर को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करना भी है। हमारे शरीर के वैसे तो सभी अंगों का तंदुरुस्त होना हमारे लिए वरदान है, लेकिन हमारे शरीर के कुछ अंग ऐसे भी हैं जिनमें अगर हमारे गलत खानपान और जीवनशैली के कारण दिक्कत आती है तो यह हमारी जिंदगी को मुश्किलों में डाल देते हैं। इन्हीं जरूरी अंगों में से एक है, लिवर। लिवर की देखभाल और इसे सुरक्षित रखने के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से लिवर डे मनाने का फैसला लिया गया था।

- सुधीर चौधरी, महासमुंद

## करंट अफेयर

# फिलिस्तीन के पूर्ण सदस्यता प्रस्ताव पर अमेरिकी वीटो

फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अमेरिका के 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल करने की इजराइल ने सराहना की, लेकिन फलस्तीन ने इसे अनुचित और अनैतिक करार देते हुए इसकी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद में एक मसौदा प्रस्ताव पर बृहस्पतिवार को मतदान हुआ। इसके पारित होने पर 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा यह सिफारिश करती कि फलस्तीन को इस वैश्विक संस्था के सदस्य के रूप में स्वीकार किया जाए। सुरक्षा परिषद के कुल 15 सदस्य देश हैं। प्रस्ताव के समर्थन में 12 वोट पड़े, जबकि स्विटजरलैंड और ब्रिटेन ने मतदान से दूरी बना ली और अमेरिका ने 'वीटो' किया। मसौदा प्रस्ताव को पारित करने के लिए इसके समर्थन में सुरक्षा परिषद के कम से कम नौ सदस्यों के वोट देने की जरूरत थी और यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्य देशों में से किसी को भी अपनी 'वीटो' शक्ति का इस्तेमाल नहीं करना था। सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य देश चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं। पूर्ण सदस्य देश का दर्जा प्राप्त करने की फलस्तीन की कोशिश 2011 में शुरू हुई थी।



## ऑफ बीट

# यूएई में प्राचीन मानव रिहाइश का मिला सबूत

यदि आप ऊपर से देखते हैं, तो आप अरब प्रायद्वीप के परिदृश्य में हजारों पत्थर की संरचनाएँ देख सकते हैं। ज़मीन पर, आप प्राचीन झीलों के किनारों पर बिखरे हुए ढेर सारे पत्थर के औजार और प्राचीन चिमनियाँ पा सकते हैं, साथ ही आसपास के पहाड़ों में शिकार और चरवाहे के दृश्यों से भरी रॉक कला भी देख सकते हैं। इन स्थलों के एकदम नजर के सामने होने के बावजूद, पिछले लगभग एक दशक में ही पुरातत्वविदों ने इनमें समर्पित रुचि ली है। कुछ संरचनाएँ अब 10,000 वर्ष पुरानी बताई गई हैं। हालाँकि, शुष्क जलवायु, तपते दिन और ठंडी रातें, और तेज़ हवा के कटाव के कारण कुछ अन्य अवशेष ऐसे नहीं हैं कि इन्हें पुरातत्वविदों के लिए बहुत उपयोगी कहा जाए। आज तक, जीवाश्मों या गहराई से दबे, स्तरित निक्षेपों के बारे में बहुत कम जानकारी मिली है जो किसी स्थान के इतिहास के बारे में एक खिड़की खोल सकें। हाल तक, किसी भी पुरातत्वविद् ने उत्तरी अरब में दर्ज सैकड़ों गुफाओं और लावा ट्यूबों में से किसी का भी सर्वेक्षण नहीं किया था। 2019 में, हमारी टीम ने इन भूमिगत स्थानों को देखना शुरू किया – और पीएलओएस वन में आज प्रकाशित एक नए अध्ययन में, हम अरब प्रायद्वीप में लावा ट्यूब के पहले प्रलेखित कब्जे की जानकारी देने जा रहे हैं।



## ट्रेंड

### मिलकर काम करते हैं

मैंने संबलपुर की अपार संभावनाओं के बारे में विकसित ओडिशा, विकसित भारत के प्रमुख भागीदार चैटर्ड अकाउंटेंट्स से बात की। विकसित भारत में संबलपुर की भूमिका और प्रधानमंत्री के प्रति जनता के भरोसे पर बात हुई। मोदी की गारंटी में हम सब संबलपुर के विकास के लिए मिलकर काम करते हैं।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री



### ज्यादा सोच रहा इंसान

यदि आप सफलता चाहते हैं, तो सबसे महत्वपूर्ण बात यह सुनिश्चित करना है कि आप इसमें बाधा नहीं हैं। इंसान अपने बारे में बहुत ज्यादा सोच रहा है। यहां जो कुछ हो रहा है हम उसका एक छोटा सा हिस्सा हैं

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु



### सावधानी से डालें अपना वोट

हमारे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई आज से शुरू हो रही है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान करने वाले 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के नागरिकों, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि अपना वोट सावधानी से डालें।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष



### अभूतपूर्व रूप से लोकप्रिय

मुझे सिडचैट 1 और योग में उनके कौशल के बारे में पता नहीं था। विम हॉफ के ऐप ने उनकी सांस लेने और सहनशक्ति तकनीकों को अभूतपूर्व रूप से लोकप्रिय बना दिया है।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## खबर संक्षेप

### स्कॉटलैंड में दो भारतीय छात्रों की झरने में डूबकर मौत



**लंदन।** ब्रिटेन के डंडी विवि में पढ़ रहे भारत के दो छात्र स्कॉटलैंड के झरना घूमने गए थे, जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। स्कॉटलैंड पुलिस के मुताबिक यह दोनों आंध्र प्रदेश के हैं और इनकी उम्र 20 साल और 26 साल बताई गई है। घटना बुधवार रात पर्थशायर में ब्लेयर ऑफ एथोल के पास लिन ऑफ टुमेल में हुई।

### फायरिंग की घटना के बाद सलमान दुबई पहुंचे

**मुंबई(एजेंसी)।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान गैलेक्सी अपार्टमेंट पर हुई फायरिंग के पांच दिन बाद बुलेटप्रूफ गाड़ी से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे, जिसका वीडियो सामने आया है। इसमें वह फुल सिक्योरिटी के साथ नजर आए और साथ में शेरा भी दिखाई दिए।

### नाबालिग रेप-विक्टिम ने अबॉर्शन की इजाजत मांगी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** महाराष्ट्र की 14 साल की रेप पीड़ित ने सुप्रीम कोर्ट से अबॉर्शन की इजाजत मांगी है। पीड़ित 28 हफ्ते की प्रेग्नेंट है। कोर्ट ने मामले पर शुक्रवार शाम 4.30 बजे अर्जेंट सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट ने पीड़ित का मेडिकल कराने का आदेश दिया है। पीड़ित का 20 अप्रैल को महाराष्ट्र के हॉस्पिटल में मेडिकल होगा।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में केन्या के रक्षा प्रमुख सहित 9 की मौत



**नैरोबी(भाषा)।** केन्या के रक्षा प्रमुख फ्रांसिस ओमोंडी ओगोला की गुरुवार को हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। उनके साथ हेलीकॉप्टर पर सवार 9 और लोगों की भी जान चली गई। केन्या के राष्ट्रपति रुटो ने कहा कि केन्या के रक्षा प्रमुख और 9 अन्य शीर्ष अधिकारियों की गुरुवार को देश के एक दूरदराज के इलाके में एक सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इसके लिए एक जांच टीम गठित की गई है।

## स्थायी सदस्यता की भारत की मांग के बीच यूएस की टिप्पणी

# 70 साल पहले की यूएनएससी आज की सच्चाई को नहीं दर्शाती

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

**संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने टोक्यो में संकेत दिया कि सुरक्षा परिषद में केवल रूस-चीन ही हैं जो संयुक्त राष्ट्र के इस 15-सदस्यीय शक्तिशाली विंग के विस्तार का विरोध कर रहे हैं।**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। जहां भारत लंबे समय से तर्क दे रहा है कि सुरक्षा परिषद में बदलाव की जरूरत है। सन-1945 से दुनिया पूरी तरह बदल चुकी है, अब मौजूदा भू-राजनीति अलग है। अब अमेरिका भी इस समर्थन में उतर आया है। उसका कहना है कि 70 साल पहले की यूएनएससी आज की सच्चाई को को नहीं दर्शाती है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा कि बाइडन प्रशासन जी-4 के सदस्यों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन करता है। संरा में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने टोक्यो में भाषण में संकेत दिया कि सुरक्षा परिषद में केवल रूस और चीन ही हैं जो संरा के इस 15-सदस्यीय शक्तिशाली विंग के विस्तार का विरोध कर रहे हैं। पहले अमेरिका, चीन और रूस सहमत हुए थे और वह यह थी कि हम सुरक्षा परिषद में बदलाव नहीं देखना चाहते थे। 2021 में अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया कि बदलाव जरूरी है।



### भारत कई सालों से जोर दे रहा

भारत कई सालों से इस बात पर जोर दे रहा है कि संयुक्त राष्ट्र में बदलाव की जरूरत है। उसका कहना है कि वह संयुक्त राष्ट्र की महत्त्वपूर्ण संस्था में एक स्थायी सदस्य के तौर पर उचित स्थान का हकदार है क्योंकि यह अपने मौजूदा स्वरूप में 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता। वर्तमान में, यूएनएससी में पांच स्थायी सदस्य हैं - चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका। केवल एक स्थायी सदस्य के पास किसी भी मूल प्रस्ताव को वीटो करने की शक्ति है।

### बहुत काम करने की आवश्यकता

थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने पिछले साल अपने भाषण में इसे फिर से दोहराया, फिर से अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के लिए स्थायी सीटों और परिषद में अतिरिक्त निर्वाचित सीटों के लिए हमारे समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'मैं जानती हूं कि यह सितंबर तक नहीं होगा। यह ऐसा कुछ नहीं है जिसे पूरा करना आसान हो। मुझे लगता है कि एक साल के दौरे के दौरान मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि इसके लिए बहुत काम करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने आगे कहा, '193 सदस्यों के बीच इस बात पर कोई सहमति नहीं है कि यह कैसे काम कर सकता है, लेकिन इस बात पर सहमति है कि हमें बदलाव की आवश्यकता है और हमें यह पता लगाने के लिए मिलकर काम करना होगा कि यह बदलाव कैसे होगा और किस रूप में होगा। लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसके लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, और हम इसे सफल बनाने के लिए काम कर रहे हैं।'

### भारत चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेजा

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने भारत में जारी लोकसभा चुनावों के बीच कहा कि वह वहां कोई चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेज रहा है, लेकिन वह भारत में साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। विदेश मंत्रालय के उपप्रवक्ता वेदांत पटेल ने बृहस्पतिवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मुझे अमेरिका द्वारा कोई पर्यवेक्षक भेजे जाने की जानकारी नहीं है। हम भारत जैसे उन्नत लोकतांत्रिक देशों में चुनावों के मामले में आम तौर पर ऐसा नहीं करते हैं। हम भारत में अपने साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए निश्चित रूप से उत्सुक हैं।'' भारत में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत शुक्रवार को देश की 102 सीट पर मतदान हो रहा है।

# हुबली में छात्रा की हत्या के बाद प्रदर्शन

भाषा ▶▶ हुबली



- कर्नाटक के हुबली में एक निगम पार्षद की बेटी थी
- कॉलेज परिसर में हुई घटना की व्यापक निंदा
- भाजपा ने कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना
- कांग्रेस ने इसे दो लोगों का निजी मामला बताया
- भाजपा ने मामले पर लव जिहाद का संदेह जताया

कर्नाटक के हुबली में एक निगम पार्षद की बेटी की उसके कॉलेज परिसर में हत्या की घटना की व्यापक निंदा की गई और विरोध प्रदर्शन हुआ। इस घटना को लेकर राजनीति भी तेज हो गई और कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। कांग्रेस ने जहां इस घटना को दो लोगों का निजी मामला बताया वहीं भाजपा ने लव जिहाद का संदेह जताया और कहा कि यह राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को दर्शाता है। प्रदेश के कई अन्य स्थानों पर भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिली है।

**यह है मामला:** एक चौंकाने वाली घटना में, हुबली-धारवाड़ नगर निगम के कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा हिरेमठ (23) की गुरुवार 18 अप्रैल को बीवीबी कॉलेज के परिसर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी फयाज खोंडुनाईक मौके से भाग गया, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। नेहा मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) प्रथम वर्ष की छात्रा थी और फैयाज पहले उसका सहपाठी था।

## भारतीय नागरिक यूएई की गैर-जरूरी यात्रा से बचें

**अबू धाबी (भाषा)।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय दूतावास ने शहर में इस सप्ताह हुई जबरदस्त बारिश के बाद परिचालन सामान्य होने तक दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने वाले भारतीय यात्रियों को गैर-जरूरी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने का परामर्श जारी किया है। संयुक्त अरब अमीरात इस सप्ताह हुई जबरदस्त बारिश से उबरने की कोशिश कर रहा है जिसके कारण दुबई और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर बाढ़ आ गई है। यूएई में बारिश के कारण दुबई में घरों में पानी घुस गया है। ऐसे में अधिकतर लोग घर की बजाय होटल में रह रहे हैं। कुछ दिनों से होटलों में एक दिन का किराया 1 हजार दिरहम से 8 हजार दिरहम के बीच वसूला जा रहा है।



पर्यटकों की बड़ी मुश्किलें

### पंजाब बाइक विस्फोट केस:एनआईए ने आरोपी की अचल संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पंजाब में 2021 में हुए विस्फोट में शामिल होने और पाकिस्तान में मौजूद खालिस्तानी आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोपी एक व्यक्ति की संपत्ति जब्त कर ली है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। मामला जलालाबाद में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के पास बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल में विस्फोट से संबंधित है, जिसमें हमलावर मारा गया था।

### एवरेस्ट के फिश करी मसाले में कीटनाशक?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की मशहूर मसाला कंपनी एवरेस्ट की मुश्किलें बढ़ने जा रही हैं। सिंगापुर की सरकार ने एवरेस्ट के फिश करी मसाले को तुरंत बाजार से वापस मंगवाने का आदेश जारी कर दिया है। एवरेस्ट के फिश करी मसाले में एथीलीन ऑक्साइड पाया गया है जिसे सेहत के लिहाज से ठीक नहीं कहा जा सकता। ये दावा भी तब किया गया है जब सिंगापुर की खाद्य सुरक्षा एजेंसी ने जांच के बाद मसालों में एथीलीन ऑक्साइड की मात्रा पाई है। इसे कीटनाशक के रूप में खेतों में इस्तेमाल किया जाता है।

### नासा के खुलासे से हड़कंप

## जल-थल-नभ में ही नहीं अंतरिक्ष में भी तैनात हैं चीन के गुप्त सैनिक

- स्पेस मिलिट्री की ताकत बढ़ाने में लगा

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चीन को लेकर एक ऐसा खुलासा किया है, जिसके बारे में जानकर दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने दावा किया है कि चीन ने अंतरिक्ष में अपने गुप्त सैनिकों की तैनाती कर रखी है। यानि यह चीन की स्पेस मिलिट्री है। नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने अमेरिकी सांसदों को बताया है कि चीन अंतरिक्ष में सैन्य उपस्थिति है। चीन अपने नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रमों का इस्तेमाल सैन्य कार्यक्रमों को छिपाने के लिए कर रहा है। इसके साथ ही चीन चंद्रमा के संसाधनों पर अपना दावा जता सकता है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि चीन ने विशेष रूप से पिछले 10 वर्षों में असाधारण प्रगति की है, लेकिन वे बहुत ही गोपनीय हैं। नासा के प्रमुख ने चीन द्वारा सैन्य उद्देश्यों को छुपाने के लिए नागरिक कार्यक्रमों का उपयोग करके अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ाने की सूचना के साथ सतर्क रहने की चेतावनी भी दी है।

### एलोपैथिक दवाओं पर टिप्पणी केस

## रामदेव आपराधिक जांच पर रोक की याचिका में शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाएं: सुको

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु रामदेव से अपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका में शुक्रवार को उन शिकायतकर्ताओं को भी पक्षकार बनाने को कहा, जिन्होंने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ मामले दर्ज कराये थे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की पटना और रायपुर इकाई ने 2021 में शिकायत दर्ज कराई थी कि रामदेव की टिप्पणियों से कोविड नियंत्रण व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका थी। न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी. बी. वराले की पीठ रामदेव की अपने खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उसने कहा कि रामदेव को मामले में राहत पाने के लिए शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने की जरूरत है। पीठ ने रामदेव को शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने की छूट दी और मामले में आगे की सुनवाई शीर्ष अदालत की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बाद के लिए स्थगित कर दी। अदालत की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां 20 मई से शुरू होंगी।

- आईएमए की पटना और रायपुर इकाई ने 2021 में शिकायत दर्ज कराई थी

### याचिका वापस लेने की अनुमति दी

## ओटीटी मंचों पर प्रतिबंध के लिए याचिकाकर्ता सरकार के पास जाएं : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने 'ओवर-द-टॉप' (ओटीटी) मंचों पर प्रतिबंध लगाए जाने का अनुरोध करने वाले याचिककर्ता से शुक्रवार को कहा कि वह इस संबंध में सरकार के समक्ष अभ्यावेदन दे। याचिकाकर्ता का दावा है कि ओटीटी मंचों पर नग्नता और अनुचित दृश्य दिखाए जाते हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ से कहा कि याचिका में यह सवाल उठाया गया है कि क्या ओटीटी मंचों को बिना किसी रोक के ऐसी सामग्री प्रसारित करने या दिखाने की अनुमति दी जा सकती है जो सभी उम्र के दर्शकों के लिए उपयुक्त नहीं है। वकील ने आरोप लगाया कि ओटीटी मंचों पर नग्नता दर्शाने वाले अनुचित दृश्य दिखाए जा रहे हैं। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि सेंसर बोर्ड के पास जाएं।' उसने कहा कि आप दर्शक संबंधी नियंत्रण पर कुछ दिशानिर्देश चाहते हैं? आप सरकार को अभ्यावेदन दें।' इसके बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इस मुद्दे पर सरकार के पास जाने की छूट दिए जाने के साथ याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने कहा कि याचिका में एक फिल्म पर सवाल उठाया है, तो वकील ने कहा कि मामला ओटीटी मंचों पर दिखाई जाने वाली नग्नता के बारे में है।



## 'कारगिल युद्ध पाक की बड़ी भूल', हार के लिए पूर्व सैन्य अफसरों ने जताया मलाल



- जानते हुए भी अनजान बने रहे नवाज
- 1999 में हुआ था युद्ध, पूर्व कर्नल हुसैन का दावा

**इस्लामाबाद(एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अफसरों ने 1999 में हुए कारगिल युद्ध को अपने देश की एक रणनीतिक भूल करार दिया है। जिसे इसके साजिशकर्ता और पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह दिवंगत जनरल परवेज मुशर्रफ ने सफलता की कहानी के रूप में सराहा था। पूर्व कर्नल अशफाक हुसैन कहते हैं कि कारगिल में घुसपैठ एक बड़ी भूल और विफलता थी। यह पाक के लिए आपदा साबित हुई। इसने भारत व पाक के बीच लाहौर शिखर सम्मेलन समझौते का भी उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। यहां तक कि उसने अपने सैनिकों के शवों को भी स्वीकार नहीं किया। बाद में इन शवों को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दफनाया गया, जो पाकिस्तानी सेना के लिए अत्यंत अपमानजनक था। तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को इसकी जानकारी थी, लेकिन इसके परिणाम का उन्हें अंदाजा नहीं था। शरीफ का विचार रहा होगा कि ऑपरेशन सही चलता है, तो वह कश्मीर के विजेता के रूप में इसे स्वीकार लेंगे।

## पाक: आत्मघाती हमले में बचे पांच जापानी नागरिक सुरक्षा गार्ड की मौत, जवाबी कार्रवाई में हमलावर ढेर



**कराची((भाषा)।** पाकिस्तान के कराची शहर में शुक्रवार को एक वाहन को निशाना बनाकर किये गए आत्मघाती हमले में, उसपर सवार पांच जापानी नागरिक बाल-बाल बच गए जबकि उनका एक निजी सुरक्षा गार्ड मारा गया। ये जापानी नागरिक पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स के लिए काम करते हैं। उप महानिरीक्षक (पूर्वी क्षेत्र) अजफर महेसर ने कहा कि मोटरसाइकिल सवार दो आतंकवादियों ने लांधी में मुर्तजा चौरंगी के पास जापानी नागरिकों के वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया। पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित हैं।'' हमला शुक्रवार तड़के हुआ। ''जापानी नागरिक जमजमा, क्लिफ्टन में निवास से 'निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र' की ओर जा रहे थे। डॉन न्यूज ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि आत्मघाती हमलावर हमले में मारा गया जबकि उसके साथी को पुलिस ने मार गिराया। जापानी नागरिकों के साथ मौजूद रहे निजी सुरक्षा गार्ड ने चोटों के चलते दम तोड़ दिया जबकि दो राहगीर घायल हुए हैं।

### शराब घोटाला: केजरीवाल की डाइट और इंसुलिन की मांग की याचिका पर बहस

# नवरात्रि का प्रसाद खाया और 3 बार आम, कोर्ट ने 22 तक फैसला सुरक्षित रखा, जवाब पेश करें

## कोर्ट ने डाइट चार्ट के साथ ही जवाब मांगा, 22 को देगा निर्णय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कथित शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की डाइट और इंसुलिन की मांग की याचिका पर राऊज एवेन्यू में बहस हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों से केजरीवाल के डाइट चार्ट के साथ ही शनिवार तक जवाब मांगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा। कोर्ट अब 22 अप्रैल को फैसला सुनाएगी। केजरी के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आलू पूड़ी के आरोप झूठे हैं। 48 बार के खाने में से उन्होंने केवल एक बार नवरात्रि का प्रसाद खाया, जिसमें पूरी-आलू था। घर से भेजे गए 48 बार के भोजन में सिर्फ 3 बार आम भेजे गए हैं। 8 अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया। आमों को चीनी की गोलियों जैसा बना दिया गया है। सिंघवी ने उनके शुगर लेवल की निगरानी करने वाले चार्ट को भी कोर्ट के सामने रखा। उन्होंने कहा कि उनके डॉक्टर का प्रिसक्रिप्शन देखें।

### शुगर लेवल उसके खान-पान के कारण बढ़ रहा

- घर से भेजे गए 48 बार के भोजन में सिर्फ तीन बार ही आम भेजे गए
- 8 अप्रैल के बाद कोई आम नहीं भेजा गया



सिंघवी ने केजरीवाल की याचिका पढ़ते हुए कहा कि इस मामले में जेल अधिकारियों ने ईडी के साथ मिलकर मीडिया ट्रायल करने की कोशिश की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आवेदक का शुगर लेवल उसके खान-पान के कारण बढ़ रहा है। सिंघवी ने कहा उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने चाय में चीनी डाली थी जबकि उन्होंने अपनी चाय में शुगर फ्री का इस्तेमाल किया क्योंकि वो डायबिटीज के रोगी हैं। उन्होंने कहा कि ईडी कितना तुच्छ, राजनीतिक और हास्यास्पद हो सकती है।

**केजरीवाल कोई खूंखार अपराधी नहीं**

सिंघवी ने कहा कि मैं अदालत से जेल अधीक्षक को यह निर्देश देने की मांग कर रहा हूं कि वह पर्याप्त इलाज उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि क्या वह गैंगस्टर है? क्या वह कोई खूंखार अपराधी है? कि उन्हें रोजाना 15 मिनट अपने डॉक्टर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि क्या कैदी को स्वास्थ्य का कोई अधिकार नहीं है? सिंघवी ने कहा मैंने इस तरह की संकीर्णता कभी नहीं सुनी।

### दोनों ओर के डाइट का तुलनात्मक चार्ट दें

जज ने केजरीवाल के वकील से कहा कि आप मुझे अपना डाइट चार्ट और जेल द्वारा दिए गए डाइट चार्ट का तुलनात्मक चार्ट दें। केजरीवाल के वकील ने कहा कि आम और आलू पूरी जैसे मामूली बदलाव की वजह से इंसुलिन के लिए मेरे आवेदन का विरोध नहीं किया जा सकता है। जेल ऑथारिटी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। जेल ऑथारिटी ने कोर्ट को बताया कि ऐसा नहीं है कि केजरीवाल की सेहत पर नजर नहीं रखी जा रही है, उनको जो भी सुविधाएं चाहिए वह उपलब्ध कराई गई हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25